CMYK

अधिकतम : $29^0$ C
न्यूनतम : $23^0$ C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 17 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया**

पेज 2



**रूट ने फिर हासिल की नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग**

खेल टाइम्स



**'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर**

सम्पादकीय



**यूएस को भारतीय मार्केट में पहुंच मिलने वाली है: ट्रम्प**

पेज़ 12

## कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

### विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध की तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशा सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस की प्रदर्शनी में कहीं। युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवाल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।



■ **स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी: सीडीएस अनिल चौहान**

### इंडिगो फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग, इंजन फेल हुआ, 17 मिनट हवा में रहा विमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो की फ्लाइट की बुधवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि फ्लाइट का इंजन हवा में ही फेल हो गया था। लैंडिंग से पहले विमान करीब 17 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा। मामले को लेकर अभी और जानकारी सामने नहीं आई है। फ्लाइट ट्रैकर्स के मुताबिक, इंडिगो फ्लाइट ने अपने तय समय से आधे घंटे लेट, रात करीब 8 बजे दिल्ली से गोवा के लिए उड़ान भरी थी। गोवा पहुंचने से पहले ही करीब 10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इससे पहले 12 जून को अहमदाबाद में लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट बोइंग एआई-171 टेकऑफ के महज 32 सेकेंड के भीतर क्रैश हो गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी।

### अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, सरकारों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए।

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स नाम की विवादित हिंदी फिल्म की रिलीज़ पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक के लिए रोक को बरकरार रखा है, यानी अदालत ने फिल्म निर्माता को कोई राहत देने से इन्कार कर दिया है।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर स्टे लगाया था। फिल्म निर्माता की ओर से दाखिल की गई याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। फिल्म निर्माता की ओर से वकील गौरव भाटिया एवं भाजपा प्रवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

■ **सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का सबूत, फिल्म के खिलाफ हमारी कानूनी लड़ाई सही: मौलाना अरशद मदनी**

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ SIT जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है। पीठ ने प्रो. महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए।

### पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा: दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट जीई 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है।

■ **हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़, 100 जिले शामिल होंगे**



## संक्षिप्त समाचार

### रीढ़विहीन राहुल बढ़ा रहे नेहरू की परंपरा को आगे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रीढ़विहीन करार देते हुए उन पर विदेशी ताकतों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण करने और दया याचिका लिखने का दावा किया है। पार्टी ने लिखा- राहुल गांधी सचमुच नेहरू के उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह नेहरू ने नाभा जेल में रहते हुए अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और दया याचिका लिखी थी, उसी तरह राहुल गांधी भी समर्पण और समझौते की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस राजवंश में रीढ़हीनता की गहरी विरासत है।

### जेएंडके में आतंकियों के मददगारों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज आतंकवादियों के तीन सहयोगियों की संपत्तियां कुर्क कीं। आतंकवादी पाकिस्तान से ही अपनी गतिविधियों को इन मददगारों के सहयोग से अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में हरवानी खानसाहिब में मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस का दो मंजिला आवासीय मकान, चेवा बडगाम में मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी के स्वामित्व वाली पांच कनाल से अधिक जमीन के साथ एक इमारत और बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर के नाम पर खग में पंजीकृत लगभग 20 मरला जमीन शामिल है। पुलिस ने कहा कि संबंधित संपत्तियां कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में कुर्क की गईं।

# अब यूपी के युवाओं को फोन की जगह मिलेंगे टैबलेट

**योगी सरकार कैबिनेट में जल्द ही पेश करेगी प्रस्ताव**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चल रही स्मार्टफोन-टैबलेट योजना में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब इस योजना के तहत युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिया जाएगा। सरकार ने शैक्षिक गतिविधियों के लिए टैबलेट को अधिक उपयोगी माना गया है। इस बदलाव को लागू करने के लिए योगी सरकार जल्द ही कैबिनेट के पुराने निर्णय को निरस्त कर नया प्रस्ताव मंजूर कराएगी।

नया प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव में टैबलेट वितरण की प्रक्रिया, बजट और पात्रता मानदंडों को स्पष्ट किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 15 लाख स्मार्टफोन और 10 लाख टैबलेट वितरित करना है, जिसके लिए 4000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यूपी सरकार का मानना है कि टैबलेट शैक्षिक उद्देश्यों के लिए स्मार्टफोन की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। टैबलेट की बड़ी स्क्रीन और बेहतर प्रोसेसिंग क्षमता ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादा उपयुक्त है। कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटल शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए सरकार का यह कदम युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार यूपी सरकार ने पहले 25 लाख स्मार्टफोन खरीदने का निर्णय लिया था, जिसके लिए 2493 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया था। हालांकि अब इस निर्णय को निरस्त कर टैबलेट वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना 19 अगस्त 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। यह योजना ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल, और डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्रों के लिए है, जिसके तहत लगभग 1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। टैबलेट में प्री-लोडेड शैक्षिक सामग्री होगी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इंटरनेट के बिना भी अध्ययन करने में मदद करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को अपने कॉलेज या विश्वविद्यालय के माध्यम से आवेदन करना होगा। हाल ही में डुप्लीकेसी रोकने के लिए सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। छात्र अब खुद भी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, जिससे योजना का लाभ में देरी नहीं होगी। डेटा सत्यापन के बाद छात्रों को उनके टैबलेट की स्थिति के बारे में एसएमएस के माध्यम से अपडेट मिलेगा।

# लाभार्थियों को ऑन स्पाट मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट

लखनऊ, वार्ता

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर सरकार ने उठाया कदम**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरिज सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री साम. हिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है, क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। कुमार ने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं, तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद जांच शुरू कराई गई थी। इसमें पता चला कि दलालों ने मिलीभगत कर 240 से अधिक फर्जी शादियां करा दी थीं। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दो सहायक विकास अधिकारी और एक लिपिक को निलंबित किया गया था।

# जिला निर्वाचन अफसरों को सीईओ ने दिया प्रशिक्षण

लखनऊ, वार्ता

**नवदीप ने केन्द्र के निर्देशों से अवगत कराया**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को विधानसभा/लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को त्रुटिरहित अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण दिया और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों और दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

रिणवा ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, बीएलओ की नियुक्ति नियमानुसार करने और राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने पर जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईआरओ नेट, बीएलओ एप और वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों को भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय मतदाताओं को परेशानी न हो। निर्वाचन अधिकारियों से नागरिकों से फार्म भरवाते समय सही जानकारी दर्ज कराने और फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए कहा गया। आज लखनऊ में आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर तथा पीलीभीत जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि मेरठ और वाराणसी में भी पहले और दूसरा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता विपक्ष राहुल ने पीएम को लिखा पत्र

# जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करें

नई दिल्ली, वार्ता





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है।

खड़गे और गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे। उन्होंने इसके साथ ही लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाने के लिए सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से वहां की जनता की सांस्कृतिक, विकासात्मक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी और इससे वहां के लोगों के अधिकार, भूमि और पहचान की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने किसी भी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में नहीं बदला है। इसके उलट केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है और अब उसका राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मोदी को संबोधित पत्र में कहा कि उन्होंने पहले कई बार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने वादा किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के इसी सत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

## इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए संयुक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में आवाज उठाएगा। अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है। हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया। हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो। संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू- कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83634.48
निफ्टी 25212.05



सोना रु. 97460
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 110996
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में हल्की तेजी, लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में उभार के संकेतक बीच ऑटो, एफएमसीजी, आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। सीमित और सावधानी भरे कारोबार के बीच शुरुआती गिरावट से उबरता कर बीएसई का सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी50 में 0.06 प्रतिशत की हल्की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर यह 25,212.05 अंक पर रहा। तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की 15 कंपनियां लाल निशान में बंद हुई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.10 प्रतिशत की तेजी रही। बुधवार को जारी मजबूत तिमाही आंकड़ों के दमपर टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़े। इटरनल में सबसे ज्यादा 1.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों के लाल निशान में रहने और रुपए में गिरावट के कारण शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक दोपहर तक गिरावट में थे। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी लौटी। एनएसई के ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में हल्की तेजी रही। निफ्टी 100 में 0.09 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.01 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त दर्ज की गई। एनएसई में ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, रियलिटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं, हेल्थकेयर, फार्मा और धातु सेक्टर दबाव में रहे।

विदेशों में एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाल निशान में बंद हुए यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई तेजी पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे ने एक बयान में कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 50-दिवसीय सचल औसत 50 डीएमए के ऊपर बना हुआ है, जो एक सकारात्मक अल्पकालिक रुझान को दर्शाता है।

# सोने और चांदी के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम आज 456 रुपए गिरकर 97,460 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,916 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,001 कम होकर 1,10,996 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,11,997 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,439 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# अन्नपूर्ति एटीएम से राशन पाने का डिजिटल और आसान तरीका

नई दिल्ली, वार्ता



आपने पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन का इस्तेमाल किया होगा, लेकिन अब आपको एटीएम मशीन से राशन भी मिल सकता है। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन ने 'अन्नपूर्ति एटीएम' की एक वीडियो शेयर की है। इसकी मदद से आप अपने हिस्से का राशन ले सकते हैं।

इससे मशीन की वजह से लोगों राशन की दुकानों पर लंबी-लंबी कतारें पर खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मशीन का ठीक इस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे पैसे निकालने के लिए एटीएम का उपयोग होता है। इसमें पैसे को गेहूं, चावल और चीनी जैसे अनाज निकलेंगे। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन की ओर से सोशल मीडिया पर भी शेयर किए गए वीडियो में बताया है कि यह मशीन 5 मिनट में 50 किलो तक अनाज डिस्ट्रिब्यूट करती है। इससे लोगों का 70 प्रतिशत तक समय बचता है। यह मशीन ऑटोमैटिक तरीके से राशन डिस्ट्रिब्यूट का काम करती है। यह राशन पाने का एक डिजिटल और आसान तरीका है। यह मशीन राशन डिस्ट्रिब्यूशन से जुड़ी कई परेशानियों को दूर कर सकती है। इसकी मदद से कोई भी शख्स सिर्फ राशन कार्ड नंबर और अंगूठे की मदद से अपने हिस्से का राशन ले सकता है। इस मशीन की वजह से लोगों को सरकारी राशन की दुकान पर खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, साथ ही इससे राशन लेने आए लोगों का समय भी बचेगा। इसके अलावा मशीन से अनाज बिखरने से भी बचाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स...**

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि हाईकोर्ट ने मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महज दो दिनों में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी, जबकि मेरे मुवक्किल के पास सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट है।

गौरव भाटिया ने यह भी कहा कि फिल्म की रिलीज़ रुकने से निर्माता को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, अदालत ने भाजपा प्रवक्ता एवं एडवोकेट गौरव भाटिया की दलीलों से सहमति नहीं जताई और कहा कि मौलाना अरशद मदनी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार की याचिका दी है, जिस पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे सुनवाई होनी है। ऐसे में अभी फिल्म की रिलीज़ पर लगी रोक हटाना उचित नहीं होगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही है या नहीं, इस पर बाद में फैसला होगा। फिलहाल, मंत्रालय को मौलाना मदनी की याचिका पर फैसला लेने दिया जाए। गौरव भाटिया ने अदालत से अनुरोध किया कि मंत्रालय को निर्देश दिया जाए कि वह आज ही याचिका पर निर्णय ले और फिर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि मंत्रालय को सभी पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला लेने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया और कहा कि पीठ में शामिल जजों की टिप्पणियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो इस मामले की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। भले ही जजों ने खुद फिल्म नहीं देखी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट की हिदायतों और फिल्म के कई आपत्तिजनक दृश्यों को हटवाने की कार्रवाई को देखकर अदालत को यह अहसास है कि मौजूदा रूप में फिल्म की रिलीज़ से देश की शांति और कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि अदालत की यह टिप्पणी कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर रिलीज़ से देश का माहौल बिगड़ा, तो यह बड़ा नुकसान होगा, हमारी कानूनी लड़ाई को सही ठहराती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संविधान और कानून की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला देगा, जो भविष्य में एक मिसाल बनेगा, और उन फिल्म निर्माताओं को सबक देगा जो सांप्रदायिक शक्तियों को खुश करने के लिए समाज में ज़हर घोलते हैं। इस बीच, मौलाना अरशद मदनी की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्होंने खुद यह फिल्म देखी है और देखने के बाद वे भीतर से हिल गए क्योंकि इसमें एक विशेष समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले दृश्य हैं। कपिल सिब्बल ने आग्रह किया कि अदालत को यह फिल्म देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी जज यह फिल्म देखेगा, वह इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं देगा। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने हैरानी जताई कि कपिल सिब्बल ने फिल्म देखी है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अभी के हालात में मामला उन याचिकाकर्ताओं के पक्ष में ज्यादा मजबूत है, जिन्होंने फिल्म पर स्टे की मांग की है, क्योंकि फिल्म के सर्टिफिकेट की वैधता पर पुनर्विचार अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने फिल्म निर्माता और कन्हैयालाल के बेटे को सुरक्षा देने के लिए पुलिस कमिश्नर से संपर्क करने का आद.श भी दिया। अदालत ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर भी सुनवाई की, जो कन्हैयालाल हत्याकांड में आरोपी हैं और उन्होंने भी फिल्म की रिलीज़ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने अदालत को बताया कि फिल्म में न केवल एक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाई गई है, बल्कि न्यायपालिका पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं। इसके अलावा, फिल्म में ज्ञानवापी और कन्हैयालाल हत्याकांड जैसे मामलों का ज़िक्र भी किया गया है, जो अभी अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की रिलीज़ निष्पक्ष ट्रायल को प्रभावित कर सकती है। फिल्म निर्माता के वकील गौरव भाटिया ने कोर्ट से अनुरोध किया कि शुक्रवार को मामले की सुनवाई की जाए, लेकिन दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर इससे देश की शांति प्रभावित हुई, तो यह ज्यादा बड़ा नुकसान होगा। अदालत ने कहा कि हो सकता है कि केंद्र सरकार फिल्म से और भी आपत्तिजनक दृश्य हटवाए, जिसके खिलाफ निर्माता कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इसलिए पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को फैसला लेने दिया जाए।

# उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर की सख्त टिप्पणी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बच्चों की लैंगिक उत्पीड़न से हिफाजत के कानून (पॉक्सो एक्ट) के दुरुपयोग के मामले में सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति हड़पने या संपत्ति विवादों को लेकर परिवार के लोगों के खिलाफ बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न समेत गंभीर आरोप लगाने का आमतौर पर काफी चलन हो गया है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट के आरोपों वाले मामले में नौ साल जेल में बंद सजायाफ्ता व्यक्ति की अपील मंजूर करके तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला हरदोई के राम सनेही की जेल से भेजी गई अपील को मंजूर करके दिया।


शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# गृहक्लेश के चलते युवती ने जहर खाकर दी जान

## भाई से हुए झगड़े के बाद मृतका ने उठाया कदम, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव नन्हेड़ी मे छोटे भाई से नाराज हुई युवती द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ी मे अनुसूचित जाति के मोहनलाल का परिवार मजदूरी करता है। मंगलवार की शाम मोहनलाल की 19 वर्षीय पुत्री खुशी ने सल्फास जैसे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया आनन फानन मे खुशी को मुजफ्फरनगर के प्राईवेट अस्पताल मे ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की व पंचनामा लिखकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया, खुशी की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। मृतका के पिता मोहनलाल, माता सविता भाई मोनू व लाला तथा शादीशुदा बहन मोंटी का रोरोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी निरिक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि नन्हेड़ी गांव मे युवती की आत्म हत्या करने का मामला संज्ञान मे आया है।

मृतका के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का छोटा भाई 12 वर्षीय लाला बीड़ी पी रहा था। खुशी द्वारा इसी बात को लेकर दोनों भाई बहन मे कोई कहासुनी हुई जिससे नाराज होकर खुशी ने जहर का सेवन कर लिया। वहीं ग्राम प्रधान शान मोहम्मद ने बताया कि मोहनलाल का परिवार बेहद गरीब है।

चार माह पूर्व घर मे लगी आग मे पशु जल गये थे। जिसके बाद परिवार भारी अवसाद से गुजर रहा है।

मोनू जो की मनोरोगी है। वहीं खुशी भी परिवार की परेशानियों से चिंतित थी।

### विद्युत विभाग ग्रामीण अंचल का मेगा कैंप 17 से 19 तक

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के मेगा कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया जाएगा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण ने बताया कि पावर कारपोरेशन लखनऊ के निर्देशानुसार विद्युत वितरण खण्ड-ग्रामीण जीआईसी पार्क कार्यालय महावीर चौक पर 17 जुलाई से 19.जुलाई तक समय सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खण्ड के अन्तर्गत समस्त उपभोक्ताओ की विद्युत सम्बन्धी समस्याएँ जैसे विद्युत बिल संशोधन, भार वृद्धि, नये संयोजन, केवाईसी व मीटर संबंधी शिकायतें सुनकर समस्याओ का निराकरण किया जायेगा।

# बहते शव को आगे बहाने का आरोप

## पुलिस बोली-मामला है झूठा, मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नहर में बह कर आया महिला का शव नहर से आगे बढ़ाए जाने का मामला सिखेडा क्षेत्र में पूरी तरह चर्चाओं में है। कुछ ग्रामीण आरोप लगा रहे है कि सूचना के बाद पुलिस ने शव को निकालने के बचाए नहर में बह रही लाश को चलता कर दिया, जबकि सिखेडा पुलिस इस मामले को झूठा बता रही है। पुलिस का कहना है कि वह कांवडियों की व्यवस्था बनाने में लगी हुई है और नहर में कोई लाश बहकर नहीं आई है सच्चाई क्या है वह ग्रामीण व पुलिस ही जाने। फिलहाल सिखेडा क्षेत्र के ग्रामीण एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगा रहे है।

सिखेडा क्षेत्र के ग्रामीण नहर में बहकर आई लाश को एक सब इस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगा रहे है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि चौदह जुलाई को एक महिला का शव गंगनहर में बहता हुआ आया था। लाश सिखेडा क्षेत्र में फंसी हुई थी और इसकी जानकारी क्षेत्रीय दरोगा को दी गई थी।

ग्रामीण तो यह भी दावा कर रहे है कि नहर में फंसी महिला की लाश का फोटो भी लिया गया था और इसकी जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने ग्रामीणाों को यह आश्वासन दिया था कि शव नहर से निकालकर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद जब शव के बारे में पूछा गया तो ग्रामीणों का आरोप है कि दरोगा उन पर ही भड़क उठे। कुछ लोगों का कहना है कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की गई है जहां शिकायत कर्ता ने दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए है। उधर मंडी क्षेत्राधिकारी का कहना है कि इस संबंध में उनके पास भी कोई जानकारी नहीं है। और सिखेडा पुलिस का कहना है कि लाश को आगे करने तथा दुर्व्यवहार करने के लगाए गए आरोप गलत है नहर में कोई लाश बहकर नहीं आया पुलिस फिलहाल शिवभक्तों की व्यवस्था बनाने में लगी हुई है। सच्चाई क्या है यह तो ग्रामीण या पुलिस ही जाने। यह मामला अधिकारियों के भी संज्ञान में नहीं है। कुल मिलाकर पुलिस गंगनहर में शव बहकर आने के मामले को गलत बता रही है।

# तालाब में शव मिलने से सनसनी

**मुजफ्फरनगर।** सिखेडा क्षेत्र के गांव भण्डूरा में तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने तालाब में तैर रहे शव को पानी से बाहर निकालकर पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस व ग्रामीणों का कहना है कि मृतक एक गांव से दूसरे गांव में घुमता रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सिखेडा पुलिस को सूचना मिली थी कि भण्डूरा गांव के तालाब में एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

# डीआईजी व कप्तान ने शिवभक्तों से किया संवाद

- **वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से दिलाई शपथ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांवड यात्रा को शांतिपूर्वक व सुरक्षित कराने के लिए उप महानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हरिद्वार जाने वाले डाक कंवडियों व श्रद्धालुओं के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन गोष्ठी की।

उन्होने श्रद्धालुओं को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश की जानकारी दी और यात्रा के दौरान शांति व सौहार्द तथा नियम का पालन करने की अपील की। डीआइजी ने बताया कि डाक कांवड यात्रा शुरू होने से पहले सभी अपना मेडिकल फिटनेस आवश्यक करा ले जिससे यात्रा के दौरान कोई घटना न घटे और डाक कांवड वाहन डीजे को दस फिट व बारह फिट चौडाई से अधिक न रखे।

डीआईजी ने किसी भी तरह के हथियार जैसे डंडे, हॉकी को न ले जाने की भी बात कही है। और शिवभक्तों से मादक पदार्थ के सेवन न करने के साथ-साथ सुरक्षित यात्रा करने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रशासन को सहयोग करें।



मुजफ्फरनगर: शिव चौक की परिक्रमा करते शिवभक्तों का काफिला।



मुजफ्फरनगर: बम बम भोले की जयघोष के साथ गंतव्य की ओर बढ़ते कांवड़िए।

# श्री अयोध्या धाम व वाराणसी तक मिली ट्रेन की सौगात

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा गत माह रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिख कर मेरठ से लखनऊ तक चलने वाली गाड़ी संख्या 22489/22490 वन्दे भारत एक्सप्रेस का विस्तारीकरण श्री अयोध्या धाम को जोड़ते हुए वाराणसी तक करने का आग्रह किया था। मंत्री कपिल देव ने बताया की रेल मंत्री ने आज विस्तारीकरण को स्वीकृति प्रदान करते हुए अपना पत्र जारी किया। अब ये रेल मेरठ से चलकर श्री अयोध्या धाम होते हुए वाराणसी तक जाएगी। नई समय सारणी जल्द ही जारी की जाएगी। कपिल देव ने रेल मंत्री का आभार प्रकट करते हुए बताया की अब तक जनपद मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, शामली, हापुड़ के यात्रियों को श्री अयोध्या धाम व वाराणसी तक जाने के लिए दिल्ली से रेल की सुविधा लेनी पडती थी। वन्दे भारत का 2 मिनट का स्टाप जनपद हापुड़ में भी रहेगा।

# फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी पर ट्रक लूटने का आरोप

## कोर्ट के आदेश पर नई मंडी कोतवाली में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फाइनेंस कंपनी कर्मचारियों पर एक ट्रक मालिक ने ट्रक व हजारों रुपये लूटने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने जब कार्रवाई नही की तो पीडित ने कोर्ट का सहारा लेकर नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

भोपा के गांव गादला निवासी देवरंजन त्यागी ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसने पांच ट्रक जानसठ रोड स्थित चौला मंडलम फाइनेंस कंपनी से लोन पर लिए थे। सभी ट्रकों के पचास प्रतिशत कर्ज पूर्व में अदा कर दी थी। चार वर्ष से 95 प्रतिशत किश्त अदा कर चुका है।

पीड़ित ने बताया कि अब उस पर सात लाख रुपये बकाया है। उसने यह भी बताया कि बकाया रूपया वह किस्त के अनुसार ही अदा कर देता। आरोप लगाया कि 14 नवंबर 2024 को उसका ट्रक चालक ट्रक में सामान लेकर बुलंदशहर जा रहा था।

आरोप लगाया कि रास्ते में उसके ट्रक को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों अतुल शर्मा, हरभजन सिंह, अनुज चौधरी व लोकेश कुमार ने लूट लिया। यह भी आरोप लगाया गया कि चालक विपिन ठाकुर से 15 हजार रुपये भी लूट लिए। नौ अप्रैल 2025 को एसएसपी से शिकायत करने पर भी कार्रवाई नही हुई। इसी के चलते कोर्ट का सहारा लेना पडा।

सीओ नई मंडी रुपाली रॉय ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन कर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई है। पीड़ित का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हो गया है अब पुलिस से भी उसको न्याय की उम्मीद है।

# कांवड़ ड्यूटी से गायब तीन कर्मियों का वेतन रोका

## अनुशानहीनता पर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने लापरवाह कर्मियों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए लगातार भ्रमण कर रही हैं। उन्होंने कांवड़ यात्र के मध्यांतर स्थल शिव चौक पर कांवड़ कंट्रोल रूम और खोया पाया केन्द्र का निरीक्षण किया, यहां ड्यूटी से गायब मिले तीन कर्मचारी के वेतन पर रोक लगाने के साथ ही नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। वहीं कांवड़ यात्रा को अविस्मरणीय बनाने को शिव भक्तों के लिए स्वच्छता के संदेश के साथ सेल्फी प्वाइंट की सुविधा का शुभारंभ भी किया। कई कांवड़ शिविरों में भ्रमण कर कांवड़ियों की सेवा करते हुए व्यवस्था को परखा।

मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सभी कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई थी, इसके बावजूद वसीम अहमद द्वारा 11 जुलाई को एक दिन के आकस्मिक अवकाश की सूचना विभागीय व्हाट्सऐप समूह पर भेजी गई, जिसे अनुशासनहीनता माना गया है। पालिका अध्यक्ष ने आदेश में स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्र जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि कांवड़ यात्रा को शिव भक्तों के लिए अविस्मरणीय पल बनाने को पहली बार पालिका प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं। इनके सहारे कांवड़ यात्रा में स्वच्छता का संदेश देकर शिव भक्तों के साथ ही सभी जनसामान्य को भी जागरुक किया जा रहा है।

शिव चौक के साथ ही अहिल्याबाई होल्कर चौराहा, मीनाक्षी चौक, मेरठ रोड डीएम आवास के समक्ष, कच्ची सड़क पर भी सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद मनोज वर्मा, राहुल पंवार, शलभ गुप्ता, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे।

### शुरू हुआ पालिका का स्वच्छता सेल्फी अभियान

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाये रखने के लिए स्वच्छता सेल्फी से स्वच्छता संकल्प का अभियान भी शुरू किया है। इसके लिए शिव चौक से स्वच्छता सेल्फी की शुरूआत पालि. काध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और सभासदों के साथ करते हुए कहा कि पालिका कांवड़ यात्रा को यादगार बनाने के हर प्रयास में जुटी हुई है। उन्होंने शिव चौक पर स्वयं सेल्फी ली और शिव भक्त कांवड़ियों के साथ संवाद किया। कांवड़ यात्रा को शिव भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय पल बनाने के उददेश्य से पहली बार पालिका प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं। इसका शुभारंभ शिव चौक से किया गया है। इन सेल्फी प्वाइंट पर शहरवासी भी एक यादगार फोटो ले सकते हैं। शिव चौक के साथ ही अहिल्याबाई होल्कर चौराहा, मीनाक्षी चौक, मेरठ रोड डीएम आवास के समक्ष, कच्ची सड़क पर भी सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद मनोज वर्मा, राहुल पंवार, शलभ गुप्ता, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन ने सफाई कर्मियों को बांटे रेनकोट

## सफाई नायकों की बैठक में योगदान की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बारिश में सफाई कार्य निरंतर चलता रहे इसके लिए वर्दी वितरण के बाद अब नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सफाई कर्मचारियों को रेन कोट वितरित करते हुए शहर की स्वच्छता के लिए उनके द्वारा दिये जा रहे योगदान की प्रशंसा की और उनको स्वच्छ शहर के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ईमानदारी और परिश्रम के साथ अपने दायित्व की पूर्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में चल रहे कांवड़ सेवा शिविरों में सफाई के लिए की गई व्यवस्था को लेकर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ चर्चा कर नियमित निगरानी के निर्देश भी दिये।

नगरपालिका परिषद् मुख्यालय टाउनहाल के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मीनाक्षी स्वरूप ने स्वच्छता को लेकर सफाई नायकों के साथ मीटिंग करते हुए कांवड़ यात्रा के साथ ही वार्डो में भी सफाई कार्य नियमित रूप से कराये जाने और कांवड़ मार्ग पर सफाई व्यवस्था मे इस दौरान उन्होंने सभासदों और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ सफाई कर्मचारियों को बारिश से बचाव के लिए रेन कोट वितरित किये। सफाई नायकों को उनकी टोली में कार्यरत सफाई कर्मियों के आधार पर रेन कोट उपलब्ध कराये गये। इस दौरान पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 21.9 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर और यहां संचालित हो रहे कांवड़ सेवा शिविरों में सफाई व्यवस्था के लिए पालिका की ओर से करीब 300 कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गई है।

इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र पाल, भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद कुसुमलता पाल, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, शौकत अंसारी, शहजाद चीकू, अमित पटपटिया, राहुल पंवार, हसीब राणा, प्रमोद अम्बेडकर, मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश गोलियान, निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल, लिपिक मैनपाल सिंह मौजूद रहे।

# नॉर्थ जोन कलस्टर प्रतियोगिता में चमके दा एसडी के होनहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठरोड स्थित द एसडी पब्लिक स्कूल में द्वारिका सिटी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने मेरठ के 'राधा गोविंद पब्लिक स्कूल' में 10 से 15 जुलाई के मध्य आयोजित 'सीबीएसई नॉर्थ जोन क्लस्टर प्रतियोगिता' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 19 वर्ष आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर, अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 'द एसडी पब्लिक स्कूल', द्वारिका सिटी, मुजफ्फरनगर के कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों साइ बालियान, उदय शर्मा और विवान गौतम ने अपनी दक्षता और श्रेष्ठ प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते हुए प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा-यह विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा छात्रों की मेहनत, समर्पण,खेल भावना विद्यालय के लिए प्रेरणा स्रोत है। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करता रहेगा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहेगा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों का भी योगदान सराहनीय रहा।



दा एसडी में कलस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का स्वागत करते।

# दो बहनों के लापता होने से हड़कंप

## अनहोनी की आशंका, गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नजदीकी गांव मखियाली से दो बहने अचानक ही घर से गायब हो गई। इस घटना को धीरे-धीरे पांच दिन बीत चुके है, लेकिन अभी तक किशोरी व उसकी बहन का कोई पता नहीं चला। दोनो युवतियां दिन में ही गायब हुई और इस घटना का मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया है। अब पुलिस मोबाइल फोन, सीसीटीवी कैमरे खंगालकर दोनो युवतियों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। उधर परिजन उनके साथ कोई अनहोनी होने को परेशान है।

ग्राम मखियाली के ग्रामीण विगत दिवस नई मंडी कोतवाली पहुंचे और उन्होने पुलिस को बताया कि तेरह जुलाई की सवेरे ग्यारह बजे दो बहने जिनकी उम्र 23 व पन्द्रह वर्ष है अचानक ही घर से गायब हो गई है। लडकियों के गायब होने के बाद परिजनों ने उनकी काफी जगह तलाश की और परिचितों से उनके संबंध में जानकारी ली गई, लेकिन जब किशोरी व उसकी बहन का कहीं पता नहीं चला तो अनहोनी की अंशका मानते हुए परिजन नई मंडी कोतवाली आए है पुलिस ने लापता लड़की के भाई से एक तहरीर ली और दोनो की गुमशुदगी दर्ज की। अचानक ही दो लड़कियों का गांव से गायब होना पुलिस से चुनौती बना। मंडी पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जहां कुछ मोबाइलों की कॉल डिटेल खंगाली वहीं सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए गए। अब तक परिजनों से लडकियों के संबंध में काफी जानकारी ली गई और पुलिस पीडित परिवार के आस-पास रहने वाले लोगों से भी उनके संबंध में जानकारी लेकर लड़कियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अभी तक पुलिस यह भी जानकारी नहीं कर पा रही कि लड़कियों को गायब करने में किसी का हाथ है या वह किसी के साथ गई है। फिलहाल पुलिस यह दावा कर रही है कि दोनो बहनों को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा, जबकि परिजन उनके साथ अनहोनी की आशंका जता रहे है यह मामला पुलिस अधिकारियों के भी संज्ञान में है। पुलिस गांव के ऐसे युवकों से भी तलाश मे है जो अचानक ही गायब हुए है।

कुल मिलाकर पुलिस जल्द ही लडकियों को बरामद करने का दावा कर रही है। यह अलग बात है कि बरामदगी के बाद क्या मामला खुलकर सामने आए। फिलहाल पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है।






# नगरवासियों और व्यापारियों का फूटा गुस्सा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के रेलवे रोड, श्यामपुरी और जानसठ मार्ग पर जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर शनिवार को कॉलोनीवासियों और व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी का घेराव कर नाला घोटाले को लेकर विरोध जताया। स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन पर वर्षों पुराने नाले को आट कर उसके ऊपर सड़क बनाने का आरोप लगाते हुए लाखों रुपये के भ्रष्टाचार की बात कही।

**घरों और दुकानों में घुसा गंदा पानी, भारी नुकसान**

व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने बताया कि नाले को बंद कर उस पर सड़क बना दी गई, जिससे हल्की बारिश में भी नगर में गंभीर जलभराव की स्थिति बन रही है। विशेषकर रेलवे रोड, श्यामपुरी और जानसठ रोड जैसे मुख्य क्षेत्रों में कई फुट तक पानी भर जाता है। इस जलभराव के चलते दुकानों और घरों में गंदा पानी घुस रहा है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, फर्नीचर समेत लाखों रुपये का सामान खराब हो चुका है। लोगों ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

**मंत्री ने सवालों से बचते हुए छोड़ा कार्यक्रम स्थल**

स्थानीय लोगों और मीडियाकर्मियों द्वारा जब राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल से नाला घोटाले को लेकर सवाल किए गए, तो वह कोई उत्तर दिए बिना कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए। उनके इस व्यवहार को लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला। वहीं जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि वे स्वयं नाले का निरीक्षण करेंगे और इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नाले को उसके पुराने स्वरूप में पुन: स्थापित किया जाएगा।

**फीता काटकर किया सहायता शिविर का उद्घाटन**



वहीं दूसरी ओर, राज्य मंत्री और जिलाध्यक्ष ने गंगनहर स्थित पालिका सहायता शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की और मिठाई वितरित कर उनकी सेवा की। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार, सीओ रामआशीष, कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा और ईओ राजीव कुमार आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**नागरिकों की मांग जांच हो और नाला बहाल किया जाए**

विरोध कर रहे लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नाले की ढकाई और सड़क निर्माण में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही पुराने नाले को पुन: उसी स्वरूप में खोला जाए जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। वही नगर वासियों के जनआक्रोश को देखते हुय पालिका प्रशासन ने रेलवे रोड स्तिथ नाले की सफाई करने का कार्य शुरू कर दिया जहां पालिका प्रशासन को व्यपारियों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा।

# मकान बेचने का झांसा देकर 23.50 लाख रुपये लेकर फरार हुआ व्यक्ति

## रजिस्ट्री कराने के नाम पर आरोपी ने खरीदवाए 6 लाख के स्टाम्प

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शिवपुरी क्षेत्र में एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने दो लोगों को मकान बेचने के नाम पर 23 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए और रजिस्ट्री के दिन मौके से फरार हो गया। इस धोखाधड़ी का शिकार हुए दोनों पीड़ितों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित दीपक पुत्र महक सिंह तथा लुकमान पुत्र सहीद अहमद, दोनों निवासी खतौली, ने बिजेंद्र नामक व्यक्ति से शिवपुरी स्थित एक मकान खरीदने का सौदा तय किया था। दोनों पीड़ितों ने उक्त मकान के एवज में कुल 23 लाख 50 हजार रुपये की पूरी धनराशि आरोपी को नगद व अन्य माध्यमों से सौंप दी।

रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करने के लिए सभी पक्ष बुधवार को खतौली तहसील पहुंचे, जहां रजिस्ट्री के लिए 6 लाख रुपये मूल्य के स्टाम्प भी खरीद लिए गए। लेकिन, जब रजिस्ट्री कराने का समय आया तो आरोपी बिजेंद्र ने अभी आता हूं कहकर तहसील परिसर से बाहर निकल गया और फिर वापस नहीं लौटा। घंटों इंतजार के बाद जब वह नहीं लौटा तो पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा। इस पूरे घटनाक्रम से आहत होकर दीपक व लुकमान ने तुरंत कोतवाली खतौली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और मांग की कि आरोपी की गिरफ्तारी कर उन्हें उनका धन वापस दिलाया जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। तहसील क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी, ताकि आरोपी के भागने की पुष्टि हो सके और उसे जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ (मु०नगर)**

वाद संख्या- 145 1. ब्रजवीर पुत्र तेजराम निवासी ग्राम सोहंजनी परगना भुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मु0नगर।...**वादी बनाम** 1. पवन सिंह पुत्र शिवराज सिंह 2. उदयवीर सिंह पुत्र जयपाल सिंह 3. सुनील कुमार पुत्र अजयवीर 4. कमलेश पत्नी अजयवीर निवासीगण ग्राम सौहंजनी परगना भुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 5. अंकित चौधरी पुत्र सतीश 6. मिथलेश देवी पत्नी सतीश निवासीगण ग्राम सौहंजनी हाल निवासी ग्राम कासमपुर भुम्मा परगना भुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0-संहिता **ग्राम सौहंजनी** परगना भु0 स0 तहसील जानसठ जिला मु.नगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख **25.7.25** सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 11 /07/2025 ई0 जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी जानसठ**

# पंचायत चुनाव को लेकर नंगला में हुई मीटिंग

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव नंगला में मुजफ्फरनगर जनपद के जिला पंचायत के वार्ड नंबर 25 से सदस्य पद के पार्टी के संभावित उम्मीदवार हामिद राना के आवास पर बुधवार के दिन आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आने वाले ज़िला पंचायत चुनाव के बारे मे जोरदार चर्चा की गई और पार्टी को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया गया।



इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से पार्टी के संभावित उम्मीदवार हामिद राना, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव नाज़िम राना, नंगला ग्राम अध्यक्ष साजिद अब्बासी, अब्दुल वहाब, शहज़ाब अहमद, तालिब अहमद, ऐहतशाम अहमद, कादिर अहमद, मेहताब अहमद, इरफ़ान अहमद, सईद अहमद, आमिर अहमद, अब्दुल सलाम और नसीम अहमद सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी देखने को मिली।

**बैंक मैनेजर की तानाशाही**

# बड़े-बड़े खाता धारकों से बैंक मैनेजर कर रहा दुर्व्यवहार

**जानसठ।** कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा मैनेजर के तानाशाही रवैया को लेकर परेशान हैं एक सप्ताह से लोग उच्च अधिकारियों को शिकायत भी कर रहे है लेकिन बैंक मैनेजर के खिलाफ अभी तक कोई सख्त कार्रवाई न होने के कारण लोगों में रोष बना हुआ है। हालांकि बैंक मैनेजर की जांच हेतु एक टीम भी आई जांच के संबंध में जब स्थानीय मीडिया को पता लगा तो मीडिया कर्मी भी बैंक में पहुंच गए और उन्होंने जांच टीम से जानकारी लेनी चाहिए जांच टीम में आए अंकित तोमर से शिकायतों की जांच के संबंध में बातचीत करनी चाहिए तो उनका जवाब था की रूटीन जांच की है और वहां से चुपचाप हीं निकल गए मीडिया कर्मी बाहर बैठे इंतजार करते रहे जब मीडिया कर्मियों को शिकायतकर्ता का थाने में होना पता चला तो मीडिया कर्मी थाने पर पहुंचे जहां शिकायतकर्ता और मैनेजर थाने पर बैठे हुए थे जबकि जांच करने आई टीम को बैंक स्टाफ के बैंक मैनेजर को फील्ड में होना बताया गया था आखिरकार मामला कुछ तो हैं जो जांच टीम से मैनेजर के फील्ड में होना और इस दौरान बैंक मैनेजर का थाने में बैठें होना अनेको सवाल खड़े कर रहा है। मैनेजर के व्यवहार को लेकर बैंक के बाहर खड़े कुछ उपभोक्ता से बातचीत की गई, तो उपभोक्ताओं का कहना एक ही था



कि पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर का व्यवहार ठीक नहीं है जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताई और पंजाब नेशनल बैंक से खाता बंद करने की बात भी कही है। इस संबंध में जब कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया से पूछा गया तो उनका कहना था कि मामले की जांच की जा रही है। तो वहीं शिकायतकर्ता रितू राज का कहना है कि मैनेजर के द्वारा जो व्यवहार किया गया है इसलिए उन पर कार्यवाही होनी चाहिए।

# रंजिशन युवक को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश को बरकरार रखते हुए पड़ोसियों ने घर में घुसकर एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस ने घायल युवक को हस्पताल भिजवाकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दिनेश राज आर्य पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका पडौसी संजीव पुत्र तेजपाल व उसकी पत्नी सुदेश उस के परिवार से रंजिश रखते हैं। आए दिन उसके परिवार पर बेवजह बात-बात पर गाली गलौच व तानाकशी करते रहते हैं। उसके परिवार को दिन प्रतिदिन जान से मारने की धमकी देते हैं। आज बुधवार की शाम उसका पुत्र दुकान पर सामान लेने जा रहा था। उसी समय संजीव पुत्र तेजपाल ने उसके पुत्र के साथ मारपीट की। उसका पुत्र अपनी जान बचाने के लिए घर भाग गया तो उसके घर में घुसकर सुदेश व संजीव ने लाठी, डंडो लोहे के वाईपर व लात घूसों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर काफी लोग मौके पर इकठा हो गए। जिन्हे देखकर दोनो आरोपी उस के पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए घर से चले गए। उसके पुत्र की हालत काफी गम्भीर बनी हुई है। पीड़ित ने पुलिस से अपने घायल पुत्र का मेडिकल कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित दिनेश की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है

# महिला ने बीडीओ के समक्ष कर्मचारी पर लगाए गंभीर आरोप

**बुढ़ाना।** एक महिला किसी बात पर इतनी उत्तेजित हो गयी कि उसने आव ना देखा ताव एक कर्मचारी के साथ गाली गलौज करके उसकी बेल्ट से पिटाई कर खुद अपने कपड़े फाड लिए और बीडीओ के समक्ष भी बेइज्जती कर दी। आरोप है कि चर्चित महिला उक्त कर्मचारी पर अनाधिकृत रूप से कार्य करने का दबाव बना रही है। अब पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लाक मिशन प्रबंधन बुढ़ाना में संजीव कुमार कर्मचारी के रुप में कार्यरत हैं। आज बुधवार को बुढ़ाना ब्लाक परिसर में स्थित उप कृषि प्रसार कार्यालय में उसे बुलाया गया। वहां पहले से ही



कुछ अज्ञात व्यक्ति और मौहम्मदपुर रायसिंह गांव निवासी एक महिला बैठी हुई थी। जब वह और प्रबंधन के बीएमएम नितिन उस महिला से बात करने लगे तो अचानक से महिला के द्वारा गाली गलोच व बेल्ट से हमला किया गया तो वो अपनी जान बचाने के उद्देश्य से भागकर खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में घुस गया तो महिला भी अंदर आ गयी और खंड विकास अधिकारी बुढाना सतीश कुमार की मौजूदगी में ही उसके साथ बदतमीजी करके रेप के प्रयास का झूठा इल्जाम लगाने के उद्देश्य से अपने कपड़े फाड दिए और श्वित का झूठा इल्जाम लगाते हुए धमकी दी। तब उसे खंड विकास कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बचाया। अब पीड़ित कर्मचारी संजीव कुमार ने बुढ़ाना पुलिस को चर्चित महिला के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# गांव भसाना में हुआ कांवड़ शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में मंदिर के पास आज बुधवार के दिन एक भव्य कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया जबकि उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने मुख्य आरती में भाग लिया।

कांवड़ सेवा शिविर के आयोजक ने इस दौरान बतलाया कि कांवड़ सेवा शिविर में भक्तों की सुविधा के लिए कूलर और गद्दों की व्यवस्था की गई है। शिव भक्तों के लिए पानी और भोजन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी ने बताया कि शिवभक्त कांवड़ियों के लिए शिविर में भोजन, स्नान और विश्राम आदि की व्यवस्था की जाती है। सावन माह में भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाती है। हरिद्वार से लाखों कांवडियां गंगाजल लेकर आ रहे हैं। हमें उनकी सेवा करने का सौभाग्य मिल रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। यहां भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष ठाकुर मोनू सिंह कुरथल, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, बुढ़ाना भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र पाल और सुबोध कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD AFJAL से बदलकर MOHAMMAD AFZAL कर लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**MOHAMMAD AFZAL**
**S/O AZWAR ALI**
**HN-293 Village Bagowali**
**Thana Nai Mandi,**
**Muzaffarnagar**
**UP 251001**

# मनीष चौधरी बने अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के युवा अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष




**मुजफ्फरनगर।** सावन मास की कांवड़ यात्रा में शिवा भक्तों की सेवा के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे विशाल और लंबे कावड़ सेवा शिविर का भव्य शुभारंभ डीएम अवास के सामने मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक से पधारे अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक जगतगुरु स्वामी माधवानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों द्वारा किया गया। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया तथा राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

यहां पर धर्म और समाज की सेवा के प्रति संवेदनशील रहकर संघर्ष करने वाले प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी को अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा में अंतर्राष्ट्रीय युवा विंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

शिविर प्रभारियों में साक्षी वर्मा, संदीप मित्तल और अमरीश त्यागी के नेतृत्व में समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम सेवा में जुटी है। सेवाकार्य में प्रफुल्ल मेहरा, अमित त्यागी, सुमित कसाना सहित अनेक सेवादार सहयोग कर रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैभव राज, प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र भावेश पाटि, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कौशल सहित सैकड़ों संत, भक्तगण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी से पेड़ काटने वाले शातिर गिरफ्तार, वन विभाग करेगा जांच

**चरथावल।** राजा को पता नहीं.मुसहर वन बांट लिए यह कहावत बुधवार को चरथावल क्षेत्र में चरितार्थ होते दिखाई दी। पुलिस द्वारा ततपरता दिखाते हुए हरे वृक्षो पर आरा चलाने वाले चार वन माफिया को पकड़ लिया गया। चोरी से पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने चारो आरोपितों को वन विभाग की टीम को सौंप दिया है। वन विभाग द्वारा कार्रवाई भविष्य के गर्भ है।बुधवार की सुबह चार बजे के करीब चार लोग क्षेत्र के लडवा मार्ग पर खड़े पेड़ो को चोरी से काट रहे थे।

अचानक पहुंची पुलिस को देखकर आरोपितों ने भागने का प्रयास किया।लेकिन पुलिस ने चारों आरोपितों को पकड़कर वन विभाग को सूचना दी। सभी आरोपितों को वन विभाग को सौंप दिया गया।बताया गया कि पिछले वर्ष भी सड़क किनारे खड़े यूकेलिप्टस के सैकड़ों बड़े पेड़ो को काटकर चोरी कर लिया गया था। पेड़ो की चोरी की सूचना बधाई कला के पूर्व प्रधान सचिन मलिक द्वारा वन विभाग को दी गयी थी।लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नही लाई गई थी। वन विभाग की लापरवाही के कारण ही वन माफियाओं के हौसले बुलंद है।

# रात भर विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भड़के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 48 के अन्तर्गत उत्तरी लद्दावाला में लगातार आ रही बिजली समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड सभासद शौकत अंसारी ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मिमलाना रोड स्थित बिजली घर पहुंचकर जूनियर इंजीनियर का घेराव किया।

शौकत अंसारी ने आरोप लगाया कि रातभर बिजली बाधित रही, जिसकी बार-बार फोन पर शिकायत की गई, मगर विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने जेई को दो टूक कहा कि सरकार ने नौकरी जनता की समस्या के निराकरण और सुविधा के लिए दी है पूरी रात क्षेत्र के लोग गर्मी में बिना पंखा-कूलर के सोने को मजबूर रहे, जबकि विभाग के कर्मचारियों ने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा।




सैकड़ों लोगों के साथ बिजली घर पहुंचे सभासद अंसारी ने जेई को घेरते हुए तीखे सवाल दागे। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपको नौकरी जनता की सेवा के लिए दी है, न कि तानाशाही के लिए। यदि जनता की ही सुनवाई नहीं होगी तो फिर इस पद का कोई औचित्य नहीं बचता। जूनियर इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत की पुनरावृत्ति नहीं होगी और क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद शौकत अंसारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगे भी इसी तरह की लापरवाही जारी रही तो हम बिजली घर के सामने धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे लडके क्रमश: शान मौहम्मद व उसकी पत्नी गुलिस्ता, शाहनवाज व उसकी पत्नी श्रीमती किश्वर, सरफराज व उसकी पत्नी श्रीमती आयशा और चांद व उसकी पत्नी श्रीमती हुमा, गुल मौहम्मद व उसकी पत्नी शहनाज मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गए है। इसलिए मैंने इन सभी से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**नूर मौहम्मद पुत्र श्री अल्लाराजी**
**निवासी क्वार्टर नं. 2,**
**रूडकी चुंगी, रूडकी रोड,**
**थाना कोतवाली नगर,**
**तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र फैसल को गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं और वह अपने कृत्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अब्दुल वहाब पुत्र इकबाल**
**ग्राम न्यामू**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**खतौली गंगनहर पर दिखी अनोखी आस्था**

# लड्डू गोपाल को लेकर कांवड़ यात्रा पर निकला शिवभक्त

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा में भक्तिभाव के कई अद्भुत दृश्य देखने को मिलते हैं, लेकिन खतौली गंगनहर किनारे मंगलवार रात एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जिसने राहगीरों और श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां दिल्ली से आए कांवड़िया रोहित भोला लड्डू गोपाल को लेकर गंगा जल लेकर अपने गत्तव्य को जा रहे थे। रात्रि के समय जब वह गंगनहर पर विश्राम हेतु रुके, तब थकान से निढाल होने के बावजूद उन्होंने अपने साथ लाए लड्डू गोपाल की सेवा करना नहीं छोड़ा। भक्त रोहित ने गंगाजल से महादेव का जलाभिषेक करने के पहले अपने लड्डू गोपाल के पांव दबाए और उन्हें विश्राम कराया। यह श्रद्धा देखकर स्थानीय नगरवासी भी आश्चर्यचकित और भावुक हो उठे।

मन में था कि कांवड़ यात्रा में लड्डू गोपाल को भी साथ लाऊं

दिल्ली निवासी रोहित भोला का कहना है कि वह हर साल कांवड़ यात्रा में आते हैं, लेकिन इस बार उनके मन में इच्छा हुई कि वे बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण लढ्ढू गोपाल को साथ लाएं और उन्हें पूरे यात्रा पथ का दर्शन कराएं। उनके अनुसार, ह्लढ्ढू गोपाल मेरे आराध्य हैं। उनकी सेवा करना ही मेरी सच्ची भक्ति है। इस बार उन्हें कांवड़ यात्रा पर साथ लाकर मेरी आत्मा को शांति मिली है।

स्थानीय लोगों ने किया स्वागत, भावविभोर हुए श्रद्धालु

जब रोहित भोला खतौली के गंगनहर किनारे रुके, तो उनके साथ लढ्ढू गोपाल को देखकर नगरवासी भी आस्था से सराबोर हो गए। कई श्रद्धालु रोहित के पास पहुंचे, लड्डू गोपाल के दर्शन किए और उनकी पूजा की। कुछ ने आरती उतारी तो कुछ ने तस्वीरें खींची। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस अलौकिक दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया।

कांवड़ यात्रा में बढ़ती भक्ति की विविधता

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में जहां शिवभक्त कांधे पर गंगाजल लेकर हरिद्वार से पैदल अपने-अपने शिवालयों तक पहुंचते हैं, वहीं अब श्रद्धा के नए रूप भी देखने को मिल रहे हैं। कोई ध्वज लेकर चलता है,



कोई बैंड बाजे के साथ, तो कोई भगवान के विग्रह को साथ लेकर भक्ति पथ पर अग्रसर होता है।रोहित भोला की यह आस्था न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह दर्शाती है कि भक्ति में कोई नियम या बंधन नहीं होता कृ केवल प्रेम, सेवा और समर्पण होता है।

# चोरी की भैंस को बकरीद पर कुर्बान करने से सनसनी

**मोरना।** शातिर चोरो द्वारा आपस मे सांठगांठ कर चोरी की हुई भैंस को बेंचने के बाद खरीदार द्वारा उसको बकरीद के त्यौहार पर कुर्बान किया गया। आरोपियो द्वारा पुनरूभैंस की रकम को मांगने पर सनसनी फैल गयी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नई बस्ती निवासी हाशिम ने तहरीर देकर बताया की बीते तीन जून को ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला मे एक व्यक्ति ने उसे दूसरे व्यक्ति से एक भैंस को 65 हजार रूपये मे खरीदवाया था। जिसके पैसे उसने बाद मे लेने को कहा।

बकरीद के त्यौहार पर साझेदारो के साथ मिलकर भैंस की कुरबानी दे दी गयी। बीते 24 जून को भैंस खरीदवाने वाला व्यक्ति उसके पास आया और भैंस की तय रकम 65 हजार रुपये कस्बा निवासी दो व्यक्तियों प्रवीण व छोटन की मौजूदगी मे ले गया।

अब भैंस के मालिक ने मोबाइल से कॉल कर भैंस की रकम को देने को कहा तो हाशिम सकपका गया। हाशिम ने भैंस के मालिक से कहा की भैंस की रकम तो 24 जून को भैंस दिलाने वाला व्यक्ति दो व्यक्तियों की उपस्थिति मे ले जा चुका है। तभी कथित भैंस मालिक ने उसे जेल भिजवा देने की धमकी दी।हाशिम ने दोनों व्यक्तियों पर चोरी की भैंस बेचने और आपस मे सांठगांठ करने करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ.जाहिद मेरे कहने सुनने में नही है गलत संगत में पड़ गया है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा करता रहता है। काफी समझाने पर भी मेरा पुत्र मौ. जाहिद कोई बात मानने को तैयार नही है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने मौ.जाहिद से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने मौ. जाहिद को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए मौ.जाहिद स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति जरीना पत्नी मौ.उमर**
**निवासी 310 मुतफर्रिक**
**श्यामपुरी-4 खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# श्रावण मास की आस्था पर मंडराता जहरीला खतरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पवित्र आरंभ के साथ ही तहसील क्षेत्र में कांवड़ यात्रा ने तीव्र गति पकड़ ली है। हजारों शिवभक्त हरिद्वार और गंगोत्री से पवित्र गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्यों की ओर भक्ति भाव से बढ़ रहे हैं। चारों ओर बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं और वातावरण पूरी तरह शिवमय हो चुका है। लेकिन इस श्रद्धा और आस्था के माहौल में एक नया खतरा सिर उठाने लगा है कृ जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा।

**मौसम ने बदली करवट, सड़कों पर उतरे विषैले जीव**

श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही मानसून ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। जिले भर में हो रही लगातार भारी बारिश से एक ओर जहां तापमान में गिरावट आई है, वहीं दूसरी ओर यह बारिश शिवभक्तों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। बारिश के कारण ज़हरीले जीव-जंतु, विशेष रूप से सर्प और बिच्छू, खुले में आकर कांवड़ मार्गों पर विचरण करने लगे हैं, जिससे कांवड़ियों की सुरक्षा पर संकट गहरा गया है।

**पुलिस और प्रशासन मुस्तैद, तकनीक से रखी जा रही निगरानी**

खतौली प्रशासन और पुलिस विभाग कांवड़ यात्रा को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त, एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉडऋद्ध और रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें भी संवे. दनशील क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। खुफिया विभाग (इंटेलिजेंस यूनिटद्ध भी लगातार निगरानी बनाए हुए है ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित और प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।

**जानवरों से सुरक्षा के लिए एलआईसी एनिमल वेलफेयर ने संभाली कमान**

इस विषैले खतरे से कांवड़ यात्रियों को बचाने के लिए सामा. जिक संगठन एलआईसी एनिमल वेलफेयर ने मोर्चा संभाल लिया है। संस्था की टीम दिन-रात कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर रही है। जैसे ही किसी सर्प या अन्य विषैले जीव के देखे जाने की सूचना मिलती है, संस्था के प्रशिक्षित सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ रहे हैं। एलआईसी एनिमल वेलफेयर के अध्यक्ष ने बताया की हमारी प्राथमिकता शिवभक्तों की सुरक्षा है। अब तक कई जहरीले सर्पों को कांवड़ मार्ग से हटाया जा चुका है। हमारी टीम पूरी यात्रा अवधि तक सतर्क रहेगी।ष

**शिवभक्तों ने ली राहत की सांस**

भारी बारिश और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद श्रद्धालु कांवड़िए उत्साह से यात्रा जारी रखे हुए हैं। लेकिन एलआईसी एनिमल वेलफेयर की इस पहल से उन्हें काफी राहत मिली है। श्रद्धालुओं ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन से भी इस दिशा में और प्रयास तेज करने की मांग की है।

**श्रद्धा, सुरक्षा और सेवा यही है इस सावन की असली भावना**

श्रावण मास का यह अवसर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामूहिक सहयोग, सतर्कता और सेवा भावना का भी उदाहरण बनता जा रहा है। प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संगठन और स्वयंसेवक मिलकर इस भव्य यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाने में जुटे हुए हैं। विषैले जीव-जंतुओं का यह नया खतरा भले ही चिंता का विषय हो, लेकिन एकजुट प्रयासों से इसे भी काबू में लाया जा रहा है।

## भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम जीवनपुर में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम जीवनपुर में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। बुधवार सुबह कथा स्थल पर विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से निकलती हुई कथा स्थल पर ही समाप्त हुई।

## मानवाधिकार संरक्षण संघ ने संजय कुमार को बनाया पउप्र अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** मानवाधिक. ार संरक्षण संघ की बैठक संघ की महासचिव मिथलेश गोयल के आवास पर हुई जिसमें अधिवक्ता संजय कुमार कश्यप को पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद का पद सौंपा है। तहसीन सैनी ने यह पद सौपा है बैठक में जनहित के प्रश्नों पर चर्चा हुई।

इस दौरान तेज सिंह सैनी, शिवचरण सैनी एडवोकेट मिथलेश गोयल, ललित कुमार, रिजवान, अंकित कुमार नावला, रविन्द्र त्यागी इंजीनियर, नरेन्द्र मित्ती एडवोकेट, विशाल कुमार, डॉक्टर साहिब आलम, कपिल चौधरी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोरना क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ मार्ग पर सफाई की मांग

**मोरना।** जनपद मे जारी कांवड यात्रा महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है।जनपद को देव नगरी हरिद्वार से जोड़ने वाले मुख्य मार्गो पर शिव भोले पवित्र गंगा जल को कांवड के रूप मे लेकर गुज़र रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग, गंगनहर पटरी पर जहां कांवड़ियों की भारी भीड़ है वहीं मोरना-लकसर मार्ग से भी शिव भोलो का आगमन आरम्भ हो गया है।

मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग से शिव भोलो का गुजरना आरम्भ हो गया है। शिव भक्त देव नगरी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल को लेकर लकसर,खानपुर होते हुए भोकरहेड़ी तथा मोरना क्षेत्र से गुज़रते हैं। बुधवार को क्षेत्र से गुज़रने वाले शिव भोले मनोज कुमार,शिव कुमार,अक्षय भोले ने बताया की वह रामराज क्षेत्र के सेफपुर फिरोजपुर स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। क्षेत्र मे कांवड यात्रा शुरू होने पर क्षेत्रवासियो ने मार्गो के आस पास फैली गंदगी को साफ कराने की मांग की है।

### कार और बाइक की भिड़ंत में कांवड़िया घायल

**बुढ़ाना।** मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने घर से गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहा एक भोला सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। बुढाना पुलिस ने घायल भोले को हस्पताल भिजवाकर फरार कार चालक की तलाश शुरु कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार दो भोले अपने घर से गंगाजल लेने के लिए उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जा रहे थे। जब भोलों की तेज र"तार बाइक बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी के समीप आई तो विपरित दिशा से आ रही एक कार की टक्कर मोटर साइकिल से हो गयी। जिसमें बाइक चालक भोला घायल हो गया। कार में कुछ किन्नर सवार थे। जो बधाई मांगकर अपने गंतव्य की और वापस लौट रहे थे। कार चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। उधर आते जाते राहगीरों की सूचना पर उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंचे और घायल भोले को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराकर भोले के परिजनों को घटना की सूचना फोन पर दी। पुलिस ने फरार कार चालक की तलाश शुरु कर दी है।

### कोतवाल ने भोलों को बताए रोड पर चलने के नियम

**बुढ़ाना।** बुढाना कोतवाली परिसर में स्थित कार्यालय में बुढाना से जो शिवभक्त डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जाते हैं उन सभी बुढ़ाना क्षेत्र के डाक कांवडियो के साथ एक मीटिंग की गई। जिसमें बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यातायात नियमों का पालन करवाते हुए डाक कावड़ियों को शपथ दिलवाई। जिसमें भोलों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ग्रहण की। जिसमें डीजे साउंड की आवाज को नियंत्रित करने और मोटर साइकिल का सेलेंसर ना हटाने के बारे में भी भोलों को कहा गया और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी।

### चोरों ने कई वकीलों के संदूक व मेज-कुर्सी तोड़ी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने स्टील की जाली काटकर करीब 10 अधिवक्ताओं के चेंबर में घुसकर संदूक व मेज कुर्सी सहित अन्य सामान अस्त व्यस्त कर दिया। अधिवक्ताओं ने घटना को लेकर बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी को शिकायती पत्र देकर तहसील परिसर में पुलिस गश्त की मांग की है। मिली जानक. ारी के अनुसार बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह ने बताया कि बार एसोसिएशन बुढ़ाना परिसर मे रात्रि मे चोरों द्वारा पहले भी कई चौम्बरो मे तोड फोड व नुकसान की घटना की गई। जिसके लिये पहले भी कई बार पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया था इसके बावजूद भी आज रात्रि के समय बार एसोसिएशन परिसर मे पूरब दिशा मे बडा चौम्बर है। जिसमे लगभग 10 अधिवक्ताओं की सीटे हैं तथा फोटो स्टेट व टाईपिंग की व्यवस्था भी इसी चौम्बर मे है। जिसमें चोरों ने स्टील की जाली काटकर अन्दर घुसकर सभी वकीलो के सन्दूक, मेज व कुर्सी इत्यदि सामान को अस्त व्यस्त कर दिया है। जिससे भविष्य मे किसी बडे नुकसान होने की प्रबल सम्भावना बन गई है।

### भाकियू टिकैत की बैठक में छाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

**जानसठ ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक वाजिदपुर कव्वाली में मकसूद अंसारी के निवास स्थान पर हुई। ,बैठक की अध्यक्षता कृष्णा पाल ने तथा बैठक का संचालन अश्वनी ने किया। इस दौरान बैठक में मुख्य अतिथि नवीन राठी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी भी कार्यालय में काम बिना पैसे दिए नहीं हो रहा है। पैसे जाने के बाद भी लोगों को दफ्तर के चक्कर काटने पड़ पड़ते हैं। अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं तो वहीं उन्होंने कहा सरकार ने अभी गन्ना मूल्य में भी बढ़ोतरी नहीं की है। भारतीय किसान यूनियन में नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई गई तथा संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक हिमांशु, अनिल प्रधान, रमेश, राजीव मास्टर, महकर सिंह मंडल महासचिव ,सेंसर पाल नगर अध्यक्ष, खालिद गुज्जर, ओम प्रकाश शर्मा, बिटू ठाकुर,हिमांशु राठी, धर्मवीर राठी, प्यारेलाल, अंकुर काकरान, आकाश बालियां,न सोनू पवार युवा ब्लॉक अध्यक्ष आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मारपीट के बाद गायब हुए पीड़ित की बरामदगी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मलपुरा गांव निवासी व्यक्ति ने निकटवर्ती गांव निवासी गैर संप्रदाय के युवकों पर उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसे गायब कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। बुधवार को भोपा थाने पर पहुंचे परिजनों ने युवक की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी लोकेश ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि बीते मंगलवार को वह परिवार सहित बाहर गया हुआ था उसका पुत्र पप्पू उर्फ़ शाहरुख घर में अकेला था। देर शाम पप्पू गांव स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने जा रहा था। तभी रास्ते में ही गैर संप्रदाय के युवकों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के चलते गैर संप्रदाय के पांच आरोपियों ने उसके पुत्र के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद उसका पुत्र पप्पू घर वापिस नहीं लौटा है। पीड़ित ने पांचों आरोपियों पर उसके पुत्र को मारपीट के बाद गायब कर देने का गंभीर आरोप लगाया है।पप्पू को काफी तलाश किया गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

जिसके बाद बुधवार को पिता लोकेश माता शर्मा,बहन लक्ष्मी,भाभी गौरी ने थाने पहुंचकर अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# महिला ने परिवार के लोगों को नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी का किया अपहरण

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। एक महिला और एक युवक ने एक किसान के घर में रात्रि रुककर उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने के साथ घर में शादी के लिए रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने के साथ हजारों रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए, इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया।

आनन फानन में कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला और युवक की गहनता से तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है महिला और युवक गांव में एक प्रसिद्ध मंदिर में मन्नत मांगने के बाद देर होने पर रात्रि में किसान के घर रुके थे। वही इस घटना के बाद ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव अंतवाडा निवासी सुमित पुत्र ब्रह्मपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की हमारे गांव अंतवाड़ा में भुमिया देव का पवित्र मंदिर है, जहां दूर-दूर से मन्नत मांगने श्रध्दालु आते है।

इस दौरान 10 जून को रात्रि करीब 9 बजे हमारे घर ग्राम गिरधरपुर थाना हाफिजपुर जिला हापुड की वती नाम की महिला अपने पुत्र आकाश उर्फ छोटू के साथ आई तथा उनहोने रात में हमारे यहां रूकने की इच्छा जाहिर की न चाहते हुए भी हमने उन्हें रात में अपने यहां घर रूका लिया तथा खाना बनाकर उन्हें खिलवाया खाना खाते समय हमारे घर में आने के बाद महिला वती ने मेरी नाबालिक बहन से बडी आत्मीयता दिखाई और उसे अपनी झूठी सच्ची बातो में उलझा लिया, तभी रात्री करीब 10 बजे हमें महिला वती व उनके पुत्र आकाश ने भुमियादेव का प्रसाद खाने को दिया जिसे खाते ही हमें बेहोशी आने लगी किसी तरह हम अपनी चारपाई तक गये जब हम सुबह जागे तो देखा हमारे घर में रखे हमारे सन्दूक का ताला टूटा पडा है, तथा उसमें हमारे बड़े भाई की शादी के लिए बनवाकर रखे करीब 5 तोले सोने की चौन व कंगन तथा 20 हजार रूपये भी नहीं है, दूसरे कमरे में देखा तो वहा ना तो महिला थी और ना ही युवक था, इसके बाद हमने गांव में अपने आस पास पता किया तो पडोस के लोगों ने बताया की सुबह करीब 5 बजे तुम्हारे यहां रूके मुसाफिर महिला वती व उसके साथ का युवक तुम्हारी नाबालिक पुत्री को जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर ले जा रहे थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया की हमें पूरा यकीन है की हमारे घर से सोने के गहने व रूपये निकालकर तथा हमारी नाबा. लिक बहन को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर रात्री में हमारे यहां रूकी महिला वती व उसका पुत्र आकाश अपहरण कर ले गये है वह हमारी नाबा. लिग पुत्री के साथ अनहोनी घटना कर सकते है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई की उसकी पुत्री को सकुशल बरामद और उसके घर से चोरी हुए सोने चांदी के जेवरात बरामद किए जाए, और आरोपी महिला और युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। वही पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला और युवक की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत बनी हुई है।

## कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव की जांच करेंगे अपर आयुक्त

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार के खिलाफ उच्चाधिकारियों के प्रति अनुचित व्यवहार व आदेशों की अवहेलना करने, सार्वजनिक कार्यो को ठप करने तथा महिला अधीनस्थ अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपो पर अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त कर, विभागीय अनुशासनिक जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# नव विवाहिता मौका पाकर प्रेमी संग हुई फरार

**बुढ़ाना।** कस्बे से एक नवविवाहिता प्रेमी संग फुर्र हो गयी है। इस घटना को लेकर मौहल्ले में तरह तरह की चर्चाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले के एक युवक की शादी कुछ माह पहले बुढ़ाना क्षेत्र से बाहर की रहने वाली एक युवती से हुई थी। चर्चा है कि उक्त नवविवा. हता तीन माह की गर्भवती है। फिलहाल युवती अपनी ससुराल बुढ़ाना में आई हुई थी। चर्चा है कि आज बुधवार की सायं किसी समय नवविवाहिता किसी अज्ञात युवक के साथ मौका पाकर अपनी ससुराल से फरार होने में कामयाब हो गयी। पहले तो ससुरालियों ने उसे काफी देर तक घर में नहीं दिखने पर छत और बाथरुम आदि स्थानों पर तलाश किया लेकिन बाद में इधर उधर पड़ोस में तलाश किया तो पता लगा कि कोई अज्ञात युवक उसको फोन पर बातचीत करने के बाद बहला फुसलाकर फरार होने में कामयाब हो गया। उधर इस घटना को लेकर नवविवाहिता के ससुरा. लियों में हड़कंप सा मच गया। इस मामले को लेकर मौहल्ले के लोगों मे तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। उधर बुढ़ाना पुलिस से इस घटना की जानकारी की गयी तो पुलिस ने उक्त घटना से पूरी तरह से अनिभिज्ञता जताई और कहा अगर पीड़ित की तरफ से कोई भी तहरीर आती है तो घटना का संज्ञान लिया जाएगा।

## युवक ने गृह क्लेश में जहर खाकर की जीवनलीला समाप्त

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के चरथावल देहात में तेइस वर्षीय युवक ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।आत्महत्या की सूचना पर चरथावल पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और युवक के भारी कर्ज में आने से लगातार चल रहे ग्रह क्लेश के चलते आत्महत्या प्रकाश में आयी है।

चरथावल देहात के हकीमपुरा रोड तेइस वर्षीय सनव्वर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था।भारी कर्ज के चलते पत्नी के चार दिन पहले मायके चले जाने पर सनव्वर और उसकी पत्नी में भी ससुराल आने को लेकर विवाद हो गया।बुधवार सुबह युवक ने अकेले ही अपने किराए के घर में जहर खाकर अपनी पत्नी को इसकी सूचना दे दी। पत्नी द्वारा आनन फानन में पड़ोस में ही रह रहे सनव्वर के परिजनों को सूचना दी। परिजनों द्वारा युवक को बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।जहां इलाज के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया गया।

# एसडीएम ने कांवड़ शिविर का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित निर्माणाधीन श्री शिव शक्ति बालाजी धाम मन्दिर में बुधवार के दिन स्वर्णकार संघ बुढ़ाना, समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासी के सहयोग से एक भव्य कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बुढ़ाना एसडीएम मोना. लिसा जौहरी ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। यह शि. विर 23वां बताया गया है। इससे पहले इसी स्थान पर 22 कांवड़ शि. विर लगाए जा चुके हैं। इस दौरान विशाल भंडारा भी बराबर चलता रहेगा। यहां पर आए सभी श्रदालुओं व कांवड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के संरक्षक बाबा मोहन गिरी ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया। यहां मुख्य आरती



एसडीएम मोनालिसा जौहरी की मौजूदगी में कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन और बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन के प्रति. निधि सुबोध त्यागी और बुढ़ाना सर्किल के डीएसपी गजेंद्र पाल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। यहां पर कार्यक्रम के आयोजक संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से रणधीर सैनी, सुनील चित्रकार, ज्योतिषाचार्य पंडित विवेक मणि जी महाराज, संजीव कुमार वर्मा और अनिल वर्मा गणमान्य लोग रहे।

# सेवार्थ क्लब द्वारा कांवड़ सेवा शिविर का हुआ शुभारंभ

**भोपा।** सेवार्थ क्लब के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से गंग नहर पुल पर प्रतिवर्ष लगने वाले शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ बुधवार को हवन-यज्ञ के बीच किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने मंत्रोचारण के बीच आहुति प्रदान की तत्पश्चात पूर्व प्रधान मदन वालिया व प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

संयोजक अजय जैन ने बताया कि शिविर में शिवभक्तों की सेवा के लिए भोजन, नाश्ता, चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था की गई है। इस दौरान पारूल शर्मा, भीष्मदास महाराज, राकेश, सचिन, प्रदीप, रिशीराज वालिया, तरूण प्रधान, अरविंद कुमार, प्रमोद शर्मा , दिनेश लाला, पंडित अंकित शर्मा आदि मौजूद रहें। शिविर में मदन वालिया ने कहा कि गंग नहर पटरी पर ग्रामीण कांवड़ियों की सेवा कर धर्म लाभ कमाएं और कांवड़ यात्रा मेला को संपन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। शिव भक्तों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है।

## पीएम आवास योजना के पात्रों की पुन: जांच कर रिपोर्ट मांगी

**नहटौर।** शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र में मोबाइल प्लस सर्वे के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का चयन करके उसकी रिपोर्ट देने के दिशा निर्देश दिए थे। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 में विकास खंड आंकू में 96 ग्राम पंचायत में उक्त सर्वे का काम जनवरी 2025 में प्रारंभ हुआ था। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत की सचिव को लगाकर सर्वे का कार्य प्रारंभ कराया गया था, जिसमें ब्लॉक को दी गई रिपोर्ट में 2333 लाभार्थियों को सूची शासन को भेजी गई थी जिसमें 2176 ब्लॉक की टीम ने किया था तथा 159 पात्र व्यक्तियों ने अपना सर्वे करके ऑनलाइन शासन को भेजा था।

# श्री राम पॉलिटेक्निक के बच्चों ने फिर दिखाया दमखम

**मुजफ्फरनगर ।** नगर के रुड़की रोड स्थित श्रीराम पालिटेक्निक के विद्यार्थियों ने प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ की वार्षिक परीक्षा जून 2025 में एक बार फिर अपना परचम लहराया है।

कालेज के फाउंडर चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ व प्रधानाचार्य डा. अश्वनी कुमार एवं सभी विभागाध्यक्षों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी मेधावी छाॅ-छााओं को मोमंटो देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्धन किया। तृतीय वर्ष में प्रथम स्थान कुलदीप कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में 68.7 प्रतिशत, प्रवेज ने इलेक्ट्रिकल इंजी. नियरिंग में 74.62 प्रतिशत, शुभम कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक्स एडं कम्युनिक. ेशन में 76.64 प्रतिशत, विशाल कुमार नें मैकेनिकल ऑटोमोबाइल में 68.81 प्रतिशत, निशांत कुशवाहा ने मैकेनिकल में 67.20 प्रतिशत, निकिता ने कंप्यूटर साइंस इंजी में 78.34 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इस अवसर पर उनके पुरस्ख्रत किया गया। द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान नेहा ने सिविल ने 73.14 प्रतिशत, अनुराग सिंह ने इलेक्ट्रिकल में 72.08 प्रतिशत, हिमांशु ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन में 71.47 प्रतिशत, सुहैल अहमद ने मेके. निकल इंजी ऑटोमोबाईल में 68.32 प्रतिशत, उमेद आलम ने मैकेनिकल में 67.76 प्रतिशत, क्षितिज त्यागी ने कम्पयूटर साइंस में 70.83 प्रतिशत प्राप्त किया है। इस अवसर पर श्रीराम पॉलिटेक्निक के विभागाध्यक्ष जोनी कुमार, छवि, शुभम गुप्ता, नितिन गुप्ता, विक्रांत पांचाल, विवेक धीरयान, विपुल शर्मा, मुकुल पुलस्यता, श्रेया शर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन की आठ दिवसीय नि:शुल्क कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ भीम सेन कंसल, वरिष्ठ समा. जसेवी प्रभाव स्वरूप अरविंद भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार बबीता दीदी व सरिता शर्मा अरोड़ा राष्टीय अध्यक्ष राष्टीय अध्यक्ष ( महिला) के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर पंडित विपिन वत्स द्वारा धार्मिक क्रिया की गई। कावड़ सेवा शिविर संजय अरोड़ा के निर्देशन में लग रहा हैं।इस अवसर पर बबीता दीदी ने कहा कि राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष भोलो के लिए नि:शुल्क कावड़ सेवा शिविर का आयोजन करता है जिसके लिए वो बधाई के पात्र है ।

इस अवसर पर समाजसेवी भीम सेन कंसल ने कहा कि शिविर के अंदर जो संगठन द्वारा सेवा की जाती हैं वो



सराहनीय हैं विशेष रूप से मेडिकल का शिविर में जो भोलो की सेवा की जा रही है।वह देखने में बहुत कम मिलती हैं।

प्रभव स्वरूप ने कहा कि मुजाफर नगर की धरती व मुजाफर नगर के लोगो का सौभाग्य है कि करोड़ों भोलो के सेवा करने अवसर मिलता है।इस अवसर पर सरिता शर्मा अरोड़ा ने कहा कि राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन भोलो के सेवा के लिए प्रत्येक वर्ष शिविर लगता आता रहा हैं।इस के लिए संगठन के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा जी ने सभी आगंतुओ का धन्यवाद करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह हमें सहयोग मिलता रहेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय अरोड़ा ,प्रवीण जैन ,सोनू महेश्व. री, संजयव गोस्वामी, अंकित पाल ,राजू पाल ,साहिल अरोड़ा ,अनिल मलिक ,संजीव मालिक ,सोनू धीमान , सरदार जागन सिंह,संदीप ,नवीन त्यागी आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मास की संध्याकालीन महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में प्रतिदिन हो रहा है रुद्राभिषेक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर झारखंड महादेव देवालय, शिवपुरी में आयोजित संध्याकालीन महाआरती का आयोजन भक्ति और आस्था के भाव में सराबोर वातावरण में संपन्न हो रहा है।

यह धार्मिक अनुष्ठान 10 जुलाई, गुरुपूर्णिमा से आरंभ होकर 9 अगस्त, पूर्णिमा तिथि तक प्रतिदिन संपन्न किया जा रहा है। हर दिन महाआरती के मुख्य यजमान के रूप में श्रद्धालु परिवारों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिव आराधना की जा रही है। आरती से पूर्व भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी श्रद्धा भाव से किया जा रहा है। सोमवार, 15 जुलाई को भोले बाबा का रुद्राभिषेक संजीव कुमार शर्मा एवं शशि भारद्वाज ने परिवार सहित संपन्न कराकर शिव कृपा प्राप्त की। संध्याकालीन महाआरती में भी वे मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित हुए और दीप प्रज्ज्वलित कर आरती संपन्न कराई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान शिव की महाआरती में भाग लिया। पूरा वातावरण नमः शिवाय के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सहित मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, यश छाबड़ा, अरुण वर्मा, योगेश वर्मा, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), मिथलेश माहेश्वरी, एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिलाओं में शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, शशि उपाध्याय, आरती, ऐश्वर्या गोस्वामी का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। नीरज मिश्रा का भी कार्यक्रम में अहम योगदान रहा। महाआरती का वैदिक संचालन आरती यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा संपन्न किया गया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

शिवभक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी से वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे श्रावण मास की महाआरती में प्रतिदिन उपस्थित होकर शिव कृपा का लाभ लें।

# धंधेड़ा में नाले पर अवैध कब्जा

## ग्रामीणों ने लेखपाल पर मिली भगत का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिखेड़ा/जानसठ।** सिखेड़ा क्षेत्र के धंधेड़ा में मैन रास्ते से आगे नाला बना हुआ है तो वही नाले मे गांव की ही लोगो द्वारा लेखपाल की मिली भगत के चलते नाले मे चिनाई कर अवैध कब्जा कर रहे है इसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से भी की लेकिन कोई समाधान नही निकला ग्रामीणों ने बताया कि पानी की निकासी नही हो पा रही है पानी की निकासी न होने के कारण बरसात का पानी रास्ते पर ही जमा हो रहा है। रास्ते में पानी इकट्ठा होने से मच्छर व अन्य बीमारियों के पैदा होने का खतरा बना हुआ है

ग्रामीणों ने बताया,कि कई बार अवैध कब्जे को लेकर लेखपाल को अवगत कराया गया लेकिन लेखपाल द्वारा कार्रवाई करने के बजाय उनसे मिलकर नाले पर अवैध कब्जा करा दिया है। तो वही ग्रामीणों ने बताया, कि लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उच्च अधिकारियों से उन व्यक्तियो के साथ मिली भगत कर नाले पर अवैध कब्जा करा रहे लेखपाल पर कार्रवाई की मांग करेंगे जब इस बारे में लेखपाल रणधीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया, कि मामला संज्ञान में आया है गांव में जाकर पूरे मामले की जांच की जाएगी उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक

**धामपुर।** समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक रविवार को नगर अध्यक्ष रविन्द्र चौहान (पप्पू) के प्रतिष्ठान चौहान मशीनरी स्टोर पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया गया तथा उनके समाधान हेतु सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश सचिव विनीत राणा ने की व संचालन विधानसभा अध्यक्ष सलाउद्दीन ने किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपद के उर्वरक विक्रेताओं के यहां की गई छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी शामली द्वारा गठित की गई टीमो द्वारा जनपद शामली के कृषको को गुणवत्तायुक्त उर्वरक की उपलब्धता तथा निर्धारित दर पर बिक्री सुनिश्चित करने हेतु आज उर्वरको की दुकानों पर छापेमारी का आयोजन कर 4 उर्वरक के नमूने गृहित किए गए। जनपद के जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव की टीम द्वारा छापेमारी का आयोजन किया गया।

जिसमे मै. रघुनाथदास ब्रजभूषण लाल थानामवन के यहां से 2 उर्वरक नमूने तथा मै. किसान पेस्टीसाइड एवं फर्टिलाइलर्स के यहीं से 1 नमूना उर्वरक का ग्रहित किया गया। जनपद के उप कृषि निदेशक शामली प्रमोद कुमार व अनुज कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-1 की टीम द्वारा छापेमारी का आयोजन किया गया। जिसमे मै. अनुज खाद विक्रेता ऊन के यहां से 1 नमूना उर्वरक का ग्रहित किया गया।

छापेमारी के दौरान पेस्टीसाइडस उर्वरक विक्रेताओं को बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व उर्वरक विक्रेताओं को पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए एवं कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया।

नमूनो को शीघ्र ही जॉच हेतु प्रयोगशाला मे भेजा जाएगा तथा परिणाम प्राप्ति के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।जनपद में सभी प्रकार के पेस्टीसाइडस उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा जनपद मे निर्धारित दरो पर ही बिक्री की जा रही है। जनपद में समस्त प्रकार के उर्वरको की कोई कमी नहीं है।

# सीडीओ ने ली उर्वरक वितरण की प्रभावी व्यवस्था को बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद की उर्वरक वितरण की प्रभावी व्यवस्था हेतु जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियो, कर्मचारियो थोक विकेताओ, कम्पनी के प्रति. निधियो के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में उर्वरको की उपलब्धता एवं वितरण पर चर्चा की गई। जनपद में सभी प्रकार के उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया जिसमें जनपद में 3436 मै. टन यूरिया एवं 1828 मै. टन फास्फेटिक उर्वरको की उपलब्धता है तथा बफर गोदाम जसाला में विभिन्न प्रकार के उर्वरक जिनकी मात्रा लगभग 2500 मे. टन है। बैठक में मुख्य विकास





अधिकारी शामली द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद ने किसी भी प्रकार की ओवर रेटिंग तथा कालाबा. जारी पर सतत निगरानी की जाए। कोई पेडिंग एनक्लोजमेन्ट न रखा जाए साथ ही कृषकों को कैश मैमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। जनपद के टॉप-20 बायर्स को चिन्हित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाए और शासन के निर्देशो के क्रम में प्राईवेट रैंक से प्राप्त मात्रा का 40 प्रतिशत सहकारिता को आवंटन समय से किया जाए। जनपद से इतर लगने वाली रैक की सूचना सम्बन्धित प्रदायदाताध्आपूर्तिकर्ता कम्पनी द्वारा समय पर देना तथा उर्वरक कमेटी से अनुमोदन कराकर ही थोक रिटेल विक्रेता को उर्वरक का आवंटन किया जाए।

नैनों यूरिया एवं अन्य उत्पादों की टैगिंग यदि किसी भी संस्था तथा दुक. ानदार द्वारा किया जाता है तो सभी सम्बन्धित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराओ एवं अन्य सुसंगत नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही सम्पादित कराई जाए। उर्वरक विक्रेताओं ध समितियो को पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए एवं कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित दिया गया। बैठक में उप कृषि निदेश शामली, जिला कृषि अधिकारी शामली, जिला गन्ना अधिकारी शामली, ए.आर.कोपरेटिव शामली, उप क्षेत्र प्रबन्धक इफको एवं कृभको जनपद के सभी समिति सचिव इंचार्ज सहकारी/ गन्ना समिति समस्त थोक विक्रेता, समस्त प्रदायदाता आपूर्ति कर्ता कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

# नेशनल चैंपियनशिप में किया तीसरा स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** वेस्ट युपी -19 टीम की सीवी रमन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा में 10 जुलाई से 15 जुलाई तक संपन्न हुई । जिसमें 17 टीमों ने अलग-अलग राज्य से हिस्सा लिया। जिसमें जिला शामली के गांव हथछोया निवासी रुद्र प्रताप शर्मा, अश्मित तोमर खिलाड़ीयों ने भी यूपी -19 में प्रतिभाग लिया था। हेड कोच सौरव नैन जानकारी देते हुए बताया कि वेस्ट यूपी -19 टीम ने सीरीज में तीसरा स्थान प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया । जिसमें वेस्ट यूपी -19 की टीम इस प्रकार है रितेश पांडे कैप्टन, समीर वोइस कैप्टन, अर्पित अनमोल,जय, कार्तिक विकेटकीपर, शौर्य, अस्मित तोमर, वंश , रुद्र प्रताप शर्मा, सुहेल ,ध्रुव, मनप्रीत, दक्ष, विशाल, सक्षम विकेटकीपर रहे। हेड कोच सौरव नैन ने बताया वेस्ट यूपी -19 टीम ने प्रथम मैच महाराष्ट्र टीम को 9 विकेट से हराया। द्वितीय मैच में वेस्ट यूपी ने हैदराबाद को 9 विकेट से हराया। तृतीय मैच में वेस्ट यूपी -19 टीम ने तेलंगाना को 51 दिन से हराया। चतुर्थ मैच में बिहार ने वेस्ट यूपी-19 टीम को 19 रन से हराया। इस सीरीज में वेस्ट यूपी -19 टीम के खिलाड़ी जयकुमार को बोलिंग अवार्ड मिला। मुख्य हेड कोच सौरव नैन ने उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।



गढ़ीपुख्ता। वेस्ट यूपी-19 चैंपियनशिप में विजेता टीम। छाया शाह टाइम्स

# निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद शामली में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 18 जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य चरणबद्ध समय-सारिणी के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

डीएम ने बताया कि मतदाता सूची की प्रारंभिक तैयारी एवं प्रशिक्षण 18 जुलाई से 13 अगस्त तक बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र का आवंटन होगा। प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी वितरण का कार्य किया जाएगा।

घर-घर सर्वेक्षण एवं पाण्डुलिपि निर्माण 14 अगस्त से 29 सितम्बर, तक बीएलओ द्वारा सर्वेक्षण कर पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी। 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र व्यक्तियों को भी सूची में शामिल किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 22 सितम्बर तक मतदाता ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवे. दनों की जांच 23 से 29 सितम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर जांच की जाएगी।

हस्तलिखित पाण्डुलिपि जमा 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में पाण्डुलिपियां जमा होंगी। कम्प्यूटरीकरण कार्य 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी।

मतदाता क्रमांकन एवं मैपिंग 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मतदाता क्रमांकन, मतदान केंद्रों की मैपिंग एवं सूची की प्रतियों का कार्य होगा। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसम्बर को अनन्तिम सूची प्रका. शित की जाएगी। 6 से 12 दिसम्बर तक मतदाता सूची का निरीक्षण और दावेध्आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 13 से 19 दिसम्बर, तक निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। 20 से 23 दिसम्बर, 2025 तक पूरक पाण्डुलिपियां जमा की जाएंगी। 24 दिसम्बर से 8 जनवरी, 2026 तक सूची में परिवर्धन एवं समावेशन किया जाएगा। 9 से 14 जनवरी 2026 तक पूरक सूची का क्रमांकन, मैपिंग एवं प्रतियां तैयार की जाएंगी।

15 जनवरी, 2026 को अन्तिम मतदाता सूची जनसामान्य के लिए प्रकाशित की जाएगी। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की जानकारी सभी संबंधित कार्यालयों के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित की जाएगी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। साथ ही, इस अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों के बावजूद कार्य संबंधित कार्यालयों में चलता रहेगा।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना को डीएम ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद की ग्राम पंचायत में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कैंप कार्यालय पर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डीपीआरओ शामली से ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु ग्राम पंचायतों का चयन, वित्तीय व्यवस्था, आईटी उपकरणों की विशिष्टिया, फर्नीचर/संग्रहण सामग्री की विशिष्टिया, निर्धारित पुस्तकों का चयन आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिए गए तथा फर्नीचर क्रय समिति और पुस्तक क्रय समिति का गठन हेतु डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), शामली,उपनिदेशक पंचायत सहारनपुर हरिकेश बहादुर, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, जिला सूचना विज्ञान अधिक. ारी अश्विनी कुमार शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार,पटल सहायक सूरज आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के सरस्वती विद्या बालिका इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गया।

अध्यक्ष वीना अग्रवाल द्वारा पेड़ों का महत्व बताया गया। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर है। हमें अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए। कहा कि पेड लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल भी जरूर करनी चाहिए। इस दौरान छात्राओं ने भी स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र, रेखा गोयल, प्रिया भट्ट, गीता कांबोज आदि मौजूद रहे।



# कांवड़ सेवा शिविरों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, उमड़ रहा सैलाब



शामली। समर्पण सेवा ट्रस्ट व नामदेव नव युवा ट्रस्ट ने कांवड़ शिविर का किया उद्घाटन।



शामली। नप ने सभासदों को बनाया कांवड़ प्रभारी।



शामली। कांवड़ में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए।



शामली। कांवड़ शिविर का निरीक्षण करते सीडीओ।

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** आज समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं नामदेव नव युवा ट्रस्ट शामली के द्वारा श्याम महल पैलेस बनत में द्वितीय विशाल कावड़ शिविर का शुभारंभ किया गया, शिविर का शुभारंभ पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द गिरी जी महाराज एवं सादर विधायक प्रसन्न चौधरी जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में राला. ेद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक जी, बनत सभासद प्रशांत चौहान जी, समाज सेवी सुधीर चौधरी जी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में स्वामी प्रबोधानंद गिरी जी महाराज ने सभी शिव भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कावड़ लाने का सही ओर पौराणिक तरीका समझाया और उन्होंने कावड़ यात्रा के पौराणिक महत्व भी बताया। शिविर में उपस्थित रहे शिविर संरक्षक सतेन्द्र नारायण जी, पवन नामदेव जी, बालेश नामदेव जी संदीप उपाध्याय, संदीप नामदेव , विशाल उपाध्याय, रवि नामदेव, उत्तम नामदेव, सौरभ नामदेव, उज्वल नामदेव, टिंकू गोस्वामी, शिवा भारद्वाज, चिराग जैन, कुलदीप गौड, धर्मेन्द्र उपाध्याय, मुदित नामदेव, राहुल बेदी, रजत नामदेव, आकाश जैन, पुनीत नामदेव, नमन नामदेव, वंश नामदेव, अमन नामदेव आदि रहे।

### नगर पालिका ने कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कांवड प्रभारी मनोनीत किए

**शामली।** कांवड यात्रा की शुरूआत 11 जुलाई से प्रारम्भ हो चुकी है जो कि 23 जौलाई को श्रावण माह की शिवरात्रि पर सम्पन्न होगी। कांवड यात्रा को मध्यनजर रखते हुए, शहर में सम्पन्न होने वाले कांवड मेला यात्रा को सम्पन्न कराए जाने के सम्बन्ध में नगर पालिका ने पांच सभासदों प्रमोद जांगिड उर्फ राजू, डा। राजेन्द्र संगल, धुरेन्द्र निर्वाल, सविता पत्नी सेठपाल सभासद, शाहिदा पत्नी गुलजार को कांवड मेला प्रभारी नियुक्त किया है। चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने कांवड मेला प्रभारियों के वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि मेला प्रभारी मिलकर अपनी देखरेख में कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराएगे तथा कांवडियों को आने वाली समस्त समस्याओं को देखते हुए, प्रशासन को अवगत कराकर उनकी समस्या का समाधान कराएगे और कांविडयां को सुरक्षित अपने गन्तव्य तक प्रस्थान करने में मदद करेगे। दोनो महिला सभासद शहर में लगने वालो कांवड शिविरों में महिला कांवडियों की सुरक्षा व समस्याओं का निरीक्षण भी करेगी। रामनिवास सैनी, सभासद तोहिद रहमानी, संजय उपाध्याय, कालू कुरैशी, लिपिक लक्ष्मण सिंह, मनीष भटनागर, अमित पंवार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** बुधवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर के तीसरे दिन प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान, अलका चौहान, रेखा, चौहान, डा। जनेश्वर चौहान ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भगवान शिव की आरती की गई, जिसके बाद इस दौरान चिकित्सकों की टीम डा। राजीव, डा। अक्षय, डा। नदीम, डा। राजाराम, डा। गुंजन, डा। शबनम, डा। सोनम, डा। साबेज आदि ने मिलकर शिवभक्त कांवडियों की सेवा की। कांवडियों के लिए दूध, फल, भोजन, विश्राम, स्नान आदि की व्यावस्था की गई थी। शहर के मंदिर हनुमान टीला, हनुमान धाम शामली पर चल रहे विशाल कांवड़ सेवा शिविर में शिव भक्त कावड़ियों की भारी भीड़ रही। हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी ने बताया कि कल लगभग तीन हजार शिव भक्ति कावड़ियों ने विश्राम एवं भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के द्वारा कांवड़ियों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है जिसमे छोले चावल, अरहर की दाल, आलू की सब्जी, पेठे की सब्जी, आलू गोभी की सब्जी चावल और चपाती आदि की व्यवस्था की गई है। मौके पर राज. कुमार मित्तल, रमेश धीमान, दिनेश भारद्वाज, शिवम गिरी, सन्दीप नामद. ेव, अमित प्रजापति, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गुलजारी वाला शिव मंदिर के कांवड सेवा शि. विर में कांवडियों की भारी भीड रही। जहां उनके भोजन और विश्राम की उचित व्यावस्था की गई थी।

### कांवड़ चिकित्सा सेवा शिविर का शुभारंभ

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल एवं लायंस क्लब उज्ज्वल शामली द्वारा आयोजित निशुल्क कांवड़ चिकित्सा सेवा शि. विर का शुभारंभ देर रात्रि मंदिर के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने किया। शि. विर संयोजक संजीव कुमार ने शिविर के बारे में जानकारी दी। अंकित गोयल ने कहां कि शिव भक्त कावड़ियों की सेवा करना बहुत पुन्य का कार्य है, और शामली का व्यापारी समाज हमेशा ही अपने सभी कार्य छोड़कर एक सप्ताह यह सेवा कार्य करता है, और नीमा के सभी डॉक्टर निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर कमल गोयल, रोहित बांगा, निखिल ऐरन, राहुल तायल, गौरव संगल, अनिल भार्गव, श्याम सिंह, अनिल कुमार, अरविंद सिंघल, राजेंद्र गुप्ता, कुलदीप गोयल, अनुराग जैन, राहुल गोयल, संजय गोयल, यशपाल मलिक, भोपाल सिंह मौजूद रहे।

### सीडीओ ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**शामली।** कांवड़ मेले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। बुधवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने शामली शहर से लेकर हरियाणा बॉर्डर तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कांवड़ सेवा शिविरों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने शिविर संचालकों से बात कर कांवड़ियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किए हैं। सीडीओ ने अधिकारियों को समय-समय पर निगरानी करते रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने को कहा।

**शामली।** सावन मास का शिव. रात्रि पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है पानीपत- मुजफ्फरनगर हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने से समूचा हाईवे शिवभक्तमय हो गया। कंधे पर रंगबिरंगी और भारी भरकम कांवड़ लेकर शिवभक्त तेजी से अपने शिवलयों की ओर कदम बढ़ाते रहे।

मुजफ्फरनगर-शामली-पानीपत हाईवे पर गत 11 जुलाई से रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी गई थी, जिसके बाद हाईवे पर केवल छोटे वाहनों को ही आने-जाने की छूट है। सावन मास के छटे दिन कांवड़ियों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी दिखाई दी। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार से कांधे पर रंगबिरंगी और भारी भरकम कांवड़ लेकर कतारबद्ध अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। इसके साथ ही कई कांवड़ियों ने अपनी कांवड़ को ऐसा सजाया, हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने न चूक सके। हरियाणा हिसार निवासी युवा शिवभक्त कांवडियों की टोली 151 किलोग्राम वजन की कावड लेकर शामली पहुंची। टीम में शामिल सागर, दिनेश, वंश आदि ने बताया कि उनकी यह दूसरी कांवड है। उन्होंने अपने परिवार की सुख शांति और मां पिता की दीर्घायु की भगवान शिव से मनोकाना मांगी है। इसके अलावा हरियाणा के पानीपत निवासी महिला सोनम व साक्षी ने बताया कि वह पहली बार कांवड लेकर पहुंची है। बताया कि वह पुत्र की शादी के बाद फिर से कांवड लेकर आएगी।



झिंझाना। कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी।

### कांवड़ मार्ग को किया गया वन-वे, हो रही दिक्कतें

**शामली।** कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कांवड मार्ग को पूरी तरह से वनवे कर दिया है। शामली कलक्ट्रेट चौराहा से लेकर कैराना की पूर्वी यमुना नहर तक जिला पुलिस प्रशासन ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया है। उक्त मार्ग पर एक साइड से केवल कांवडिए ही जा सकते है, जबकि मार्ग के दूसरे रास्ते से वाहन चालक आ और जा सकते है। कांवड मार्ग वनवे होने से जहां वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और जाम की समस्या का भी सामना करना पड रहा है। वही शहर के लोगों को भी अपने घरो तक जाने में काफी दिक्कते हो रही है। कई कई किलोमीटर अतिरिक्त चलकर अपने घर पहुंचना पड रहा है। वनवे रास्ते पर पडनी वाली दुकानों पर ग्राहकों की कमी हो गई है। ऐसे में व्यापारियों का व्यापारी भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में शहर के लोगों को कई कई किलोमीटर दूर जाकर बसे मिल रही है, जिससे उनका समय तो बर्बाद हो ही रहा है साथ ही वहां तक जाने में ई-रिक्शा चालक मनमाना किराया वसूल रहे है।

### चेयरमैन ने किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**शामली।** बुधवार को शहर के रजवाड़ा फार्म स्थित सर्वमंगला शिव शक्ति सेवा समिति के 50वें 6 दिवसीय कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हो या। जिसका शुभारंभ चेयरमैन अरविंद संगल ने किया। इस अवसर पर भगवान शंकर, मां पार्वती व भगवाण गणेश की पूजा अर्चना पंड़ित सहदेव जोशी, पंड़ित हरीश नैथानी ने कराई। शिविर में शिवभक्त कावड़ियों के लिए खाने-पीने, विश्राम करने, चिकित्सा सुविधा, स्नान आदि की संपूर्ण गई है। समिति के अध्यक्ष डा। राजेंद्र संगल ने बताया कि वर्ष 1973 से यह कैंप शामली के धर्म प्रेमी व्यक्तियों द्वारा मुजफ्फरनगर पुरकाजी रोड पर बरला में लगता था उसके बाद शामली की वह समिति जो बरला में कैंप लगाती थी। इसको शामली में लगाने लगी और तब से अब तक 19 साल हो चुके हैं। इस मौके पर डा। राजेंद्र संगल, डा। सुशील मित्तल, रामअवतार संगल, संजय गोयल बोबी, अमित संगल राजू, डॉ। भूपेंद्र कुमार, आकाश गोयल, अनुज सोनी, रामकुमार गोयल, संजय गोयल, प्रथम संगल, चिराग संगल आदि मौजूद रहे।



शामली। कांवड़ शिविर का शुभारंभ करते चेयरमैन।



**झिंझाना।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गई है सभी तरह की व्यवस्था बिजली पानी मेडिकल सुरक्षा आदि के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है तथा अलग-अलग जगह पर कंट्रोल रूम बनाकर वहां सभी विभाग के एक-एक कर्मचारी को भी तैनात कर दिया गया है जो 24 घंटे अपने-अपने विभाग की सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे। बुधवार की दोपहर को पुलिस कप्तान रामसेवक गौतम मेरठ कनाल हाईवे के बिडोली बॉर्डर पर पहुंचे और वहां की सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा। उसके बाद यमुना नदी के जलस्तर को भी चेक किया।उनके साथ थाना झिंझाना के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा व चौकी इंचार्ज बिडोली अजय पाल भी मौजूद रहे हाईवे पर बने वाच टावर का भी निरीक्षण किया गया तथा उसके बाद थाना झिंझाना प्रभारी को कुछ और निर्देश देकर पुलिस कप्तान वहां से चले गए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम BAIRA PRAVEEN D/O NASHEER था मैंने अब शादी के बाद बदल कर KM BARIA PRAVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझको KM BARIA PRAVEEN W/O MOHD JAVED के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

KM BARIA PRAVEEN
W/O MOHD JAVED
R/O 48 कलालान कैराना जिला शामली उत्तर प्रदेश 247774

# गन्ना भुगतान में देरी, ऊपर से यूरिया की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के चरथावल रोड स्थित गन्ना समिति कार्यालय पर बुधवार को गन्ना किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने समिति सचिव से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। किसानों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 से लेकर 2025 तक समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान न होने से उन्हें करीब 500 करोड़ रूपए का ब्याज नहीं मिल पाया, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट में हैं।

किसानों ने बताया कि अप्रैल 2025 में जिन किसानों का भुगतान हुआ, उसमें से समिति द्वारा मार्च 2025 तक लिए गए खाद की कीमत बिना सूचना के काट ली गई, जो पूरी तरह अनुचित है। इस एकतरफा कटौती को लेकर किसानों में गहरा रोष है।इसके साथ ही किसानों ने यूरिया खाद की भारी किल्लत की भी शिकायत की।

उन्होंने कहा कि सोसाइटी से खाद न मिलने के कारण उन्हें बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है। किसान कर्ज में डूबते जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी उन्होंने फोन पर जिला खाद्य अधिकारी को भी दी है और त्वरित समाधान की मांग की है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वे यह मुद्दा आगामी किसान दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष भी उठाएंगे। इस मौके पर गन्ना समिति सचिव भास्कर सिंह ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को लेकर वे प्रशासन व उच्च अधिकारियों से वार्ता करेंगे और जल्द समाधान कराएंगे। इस दौरान हरेंद्र सिंह, प्रवेश, मुकेश गौतम, विक्रम सिंह, सुरेंद्र सिंह, लाल ठाकुर, पवन साधु, शंभू सिंह और जीत सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सम्पत्ति विवाद में सीज हुई 13 दुकानें चार दिन बाद खुलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीते 13 जुलाई को पुलिस-प्रशासनिक टीम ने चौसाना के शामली बस स्टेंड स्थित 13 दुकानों को सीज कर दिया था। आरोप था कि दो पक्षों के मध्य सम्पत्ति के विवाद में एसडीएम के आदेश पर कार्यवाही की गई और विवादित सम्पत्ति का थानाध्यक्ष झिंझाना को रिसीवर नियुक्त किया गया था। अब दुकान स्वामी ने रिवीजन फाइल करते हुए तथ्यों पर बहस की,जिसके बाद एसडीएम ने अपने कुर्की के आदेश को स्थगित कर दुकानें खोलने का आदेश दिया है।



खसरा नम्बर 881,882 व 883,884 पर गणेश बिंदल ने मालिकाना हक व कब्जे की मांग को लेकर वाद दायर किया था। मामले मे नोटिस जारी होने के बाद द्वितीय पक्ष वसीम रजा पुत्र सज्जाद आदि ने भी अपना पक्ष रखा और गणेश बिंदल की हस्त लिखित वसीयत को चुनौती देने वाली याचिका उच्च कोर्ट मे दायर की। इसके बाद साथ गणेश बिंदल के द्वारा दायर केस की सुनवाई व राजस्व व पुलिस जांच के आधार पर एसडीएम कोर्ट ने 165 की कार्यवाही करते हुए वसीम रजा के कब्जे वाली 13 दुकानों को सीज करा दिया था और थाना प्रभारी झिंझाना को दुकानों का रिसीवर नियुक्त कर दिया था।

इसके बाद द्वितीय पक्ष वसीम रजा ने रिवीजन फाइल किया और सुनवाई पर वसीम रजा के अधिवक्ता ने तथ्यात्मक बहस की,जिस पर एसडीएम ने कुर्की के आदेश को वापस लेते हुए सीज दुकानों को खोलने के आदेश दिए।

बुधवार को पुलिस चौकी प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुँचें और सीज दुकानों को खुलवाकर फोटो व विडियोग्राफी कराई गई। जिससे दुकानदारों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और न्यायालय पर विश्वास जताया।

## विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप का लाभ उठाएं उपभोक्ता: एक्सईएन

**कैराना।** विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) जयप्रकाश ने उपभोक्ताओं से गुरुवार से वितरण खण्ड कार्यालय पर लगने जा रहे तीन दिवसीय विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया है। जनपद शामली के विद्युत विभाग की फोर्थ डिवीजन में तैनात एक्सईएन जयप्रकाश ने बताया कि उत्तर-प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं की बिल सम्बन्धी समस्याओं के निदान हेतु विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय मेगा कैंप गुरुवार से शनिवार तक प्रात: दस बजे से शाम पांच बजे तक प्रत्एक वितरण खण्ड पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों में आई त्रुटियों को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। एक्सईएन ने उपभोक्ताओं से निर्धारित समयावधि के भीतर शिविर की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की सूचना से हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन क्षेत्र में कीटनाशक की दुकानों पर बिकने वाली कम्पनियों की दवाईयों की गुणवत्ता की जांच के लिए दिल्ली व हरियाणा से आई टीमों द्वारा छापेमारी की सूचना से कस्बे की सभी कीटनाशक दुकानें बंद हो गई। बताया गया है कि क्षेत्र की बडी दुकानों पर ब्रांडेड कम्पनियों की पैकिंग मे नकली दवाईयां बेची जा रही है।

ऊन कस्बे में पेस्टीसाइड की दुकानों पर जॉच टीमें पहुँचने से हडकम्प मचा रहा। जिसके बाद चौसाना व बिडौली मे भी दुकानों पर ताले लटक गए। बताया गया है कि ऊन तहसील क्षैत्र के बडे बडे दुकानदारे बडी बडी कम्पियों की कीटनाशक को हरियाणा की फैक्ट्रियो से भराकर बेचते है और तगडा मुनाफा कमाते है। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। रोकथाम के लिए छापेमारी की कार्यवाही की गई। लेकिन पूर्व सूचना से ही दुकानें बंद हो गई। जिससे ग्राहको को दिक्कतो का सामना करना पडा।

वही बता दें कि यह पहला मौका नही है जब कार्यवाही के डर से दुकानें बंद हुई हो। इसी महीने के शुरू मे भी लखनऊ से आई टीमों की पूर्व सूचना पर कीटनाशक की दुकाने लगातार दो दिन तक बंद रही है। सवाल उठता है कि जब दिल्ली व लखनऊन की टीमें कार्यवाही को आती है तो सूचना कैसे लीक हो रही है। वही जिले के अधिकारी गहरी नींद में क्यों है।

# सर्पदंश से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बरसात के मौसम में सर्पदंश (सांप के काटने) की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ द्वारा जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत 11 डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम गठित की गई है, जो नगर क्षेत्र के विद्यालयों और ग्रामीण इलाकों में जाकर व्याख्यान व परामर्श शिविर आयोजित करेगी।

यह निर्णय क्षत्रिय नगर स्थित न्यू स्टाइल इंग्लिश कोचिंग सेंटर में आयोजित चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राघव प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया।



डॉक्टरों की टीम ने बताया कि बरसात के मौसम में जमीन पर सोना, झाड़ियों में बिना सुरक्षा जाना, अंधेरे में बिना टॉर्च चलना जैसी लापरवाहियां सर्पदंश की बड़ी वजह बनती हैं। टीम ने कहा कि ऐसे में चारपाई या पलंग का प्रयोग करें, मच्छरदानी का उपयोग करें, जूते पहनकर खेत या झाड़ियों में जाएं और घर के आसपास सफाई बनाए रखें। साथ ही दीवारों की दरारें, छेद आदि बंद कर दिए जाएं।

विशेषज्ञों ने सलाह दी कि सांप दिखाई देने पर उसे मारने का प्रयास न करें, बल्कि सांप मित्र से संपर्क करें। सांप काटने की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत डॉक्टर की सलाह से इलाज कराएं और किसी भी तरह के झाड़-फूंक या तांत्रिक उपायों से बचें।

बैठक में डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. आर.के. चौहान, डॉ. रवेंद्र सिंह, डॉ. मनोज प्रताप सिंह, डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. एस.एस. राजपूत, डॉ. राममूर्ति सिंह, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. हरिकांत सुमन, डॉ. नागेंद्र शेखावत आदि चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं इसके अलावा कुंवर आशीष राजपूत, भूपेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर रविकांत, नागेश्वर दयाल गहलौत, अरविंद वत्स, संतोष राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संदिग्ध युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के रसीदगढ़ अंडरपास के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पुलिस ने पूछताछ के लिए रोका। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम आसिफ पुत्र रमजानी, निवासी मोहल्ला हाफिज दोस्त, थाना थानाभवन बताया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में उसके पास से एक देसी तमंचा बरामद हुआ उपनिरीक्षक इंदर सेन ने हमराह के साथ मिलकर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### तमंचे के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी राहुल पूर्व विक्की पुत्र अरुण कुमार को पुलिस ने पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे वारंटी वांछित तथा गुंडे बदमाश हो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कृष्णा नदी के पास से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करते हुए, उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में उप निरीक्षक पवन कुमार और हेड कांस्टेबल विजय कुमार शामिल रहे।

### बकाएदारों के खिलाफ चलाया अभियान, 1.80 लाख वसूले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विद्युत विभाग की टीम ने गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा, मन्नामाजरा व अलीपुर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान करीब 1.80 लाख रूपए बकाया वसूला गया, जबकि 15 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन भी काटे गए। विभाग की कार्यवाही से बकाएदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

मंगलवार को अधिशासी अभियंता चतुर्थ जयप्रकाश व एसडीओ प्रथम अमित कुमार शाक्य के निर्देश पर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कण्डेला पर तैनात अवर अभियंता साजिद अली के नेतृत्व में विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा, मन्नामाजरा व अलीपुर में अभियान चलाया।

इस दौरान बीस हजार रूपए से अधिक के करीब 15 बकाएदारों के विद्युत विच्छेदन किए गए, जबकि 1.80 लाख रूपए बकाया वसूल किया गया। टीम में राशिद अली, आलम चौहान, मोहित कुमार, नरेश कुमार, मुंशाद अली, जोगिंदर आदि शामिल रहे। वहीं, अवर अभियंता ने बताया कि कण्डेला बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं पर करीब डेढ़ करोड़ रूपए बकाया है। अत्यधिक लाइन लॉस के चलते उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा, मन्नामाजरा व अलीपुर में अभियान चलाया गया है, जिसमें 15 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए है। इस दौरान 1.80 लाख रूपए का बकाया भी वसूला गया है। बकाएदारों के विरुद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### बस का संचालन नहटौर तक कराने की मांग

**नहटौर।** कस्बा नहटौर से दिल्ली के लिए लगाई गई रोडवेज बस का संचालन में वापसी में नूरपुर तक ही आकर रूक जाने पर राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उक्त बस की वापसी का संचालन नहटौर रोडवेज बस स्टैंड तक कराए जाने की मांग की है। धामपुर डिपो के भवन का निर्माण शुरू होने पर धामपुर डिपो को नहटौर बस रोडवेज बस स्टैंड पर शिफ्ट किया गया था। वर्तमान में डिपो का कार्य नहटौर रोडवेज बस स्टैंड से चल रहा है।

धामपुर डिपो के एआरएम पीएल पथरिया ने नहटौर क्षेत्र वासियों के लिए कुंभ के बाद नई रोडवेज बस नहटौर पैजानिया मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होने की घोषणा की थी। जिसके तहत एक माह पूर्व नई रोडवेज बस प्रात: 7:00 बजे से प्रारंभ कर दी गई थी तथा इसकी वापसी दिल्ली आनंद विहार से दोपहर के 1:00 बजे होती है तथा यह बस नूरपुर आकर रुक जाती है। इसके रुक जाने पर दिल्ली से आने वाले यात्रियों को नहटौर आने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों से इस व्यवस्था को नहटौर तक किए जाने की मांग की है। चांदपुर डिपो के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि नहटौर से आनंद विहार तक 169 किलोमीटर का किराया 282 रूपए है। नहटौर की सवारी न मिलने के कारण बस को नूरपुर तक रोका गया है। सवारी की व्यवस्था होने पर नहटौर तक चालू किया जाएगा तथा इसके लिए प्रचार प्रसार कराया जाएगा।

### वेज खान-पान की दुकानें खोलने की मांग

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एड. से उनके कार्यालय में शहर नजीबाबाद में हलीम चावल की दुकान लगाने वाले लोगों ने मुलाकात कर उनसे अपनी कारोबारी समस्या के हल की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस उनकी वेज बिरयानी की दुकान नहीं खोलने दे रही है।

सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी ने अधिकारियों से फोन पर बात कर बताया गया है कि नजीबाबाद में हलीम चावल बेचने वाले लोग वेज हलीम चावल की दुकान खोलेंगे यदि उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से कोई डायरेक्शन उक्त दुकानें बंद करने के लिए है तो प्रशासन पहले नोटिस के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। अन्यथा जिस रूट पर कांवड़ों का आना जाना नहीं है। उसे पर वेज दुकान खोलने पर पुलिस द्वारा परेशान ना किया जाए। उन्होंने नजीबाबाद सीओ निदेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी धीरज सोलंकी से वेज बिरयानी बेचने वाले लोगों को परेशान न करने तथा उन्हें अपना काम नियमानुसार करने दिये जाने की बात कही।

### हीमपुर दीपा में भ्रूण लिंग परीक्षण जोरों पर

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र एक अस्पताल में भ्रूण लिंग परीक्षण का कार्य जोरो-शोरो पर चल रहा है । आलम यह है कि आएदिन कई-कई भ्रूण लिंग परीक्षण कर यह डॉक्टर लाखों रुपए छापने में लगे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चलता है कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक डॉक्टर द्वारा जमकर भ्रूण लिंग परीक्षण किए जा रहे है । विशेष बात यह है कि आस पास के क्षेत्रों के नहीं बल्कि दूसरी तहसीलों के दूर दराज के गांव से आये भोले भाले ग्रामीणों से मोटी रकम लेकर यह सुविधा दी जा रही है।

बता दें कि एक आशा कार्यकत्री हीमपुर दीपा थाना क्षेत्रों को छोड़कर अन्य सभी तहसीलों के ग्रामीणों को इस हॉस्पिटल संचालक के माध्यम से सुविधा देने में लगी है। सूत्रों का दावा है कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में लड़की आने पर इस हॉस्पिटल में चार माह की बच्ची की डीएनसी (सफाई/हत्या) कर दी जाती है। बीते कुछ समय पूर्व नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के युवक से भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर इस अस्पताल में मोटी रकम वसूली गई है, जो चर्चा का विषय बनी हुई है । सूत्रों का दावा है कि स्वास्थ्य विभाग के गठजोड़, राजनीतिक पकड़ और पैसे के बलबूते पर इस कार्य को जोरो शोरो से अंजाम दिया जा रहा है।

# चेयरमैन के खिलाफ 13वें दिन भी जारी रहा सभासदों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन 13वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान किसान यूनियन आजाद के पश्चिमी उत्तर-प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने धरनास्थल पर पहुंचकर सभासदों को अपना समर्थन दिया।

विगत चार जुलाई से पालिका प्रांगण में नपा चेयरमैन के खिलाफ शुरू हुआ सभासदों का धरना सोमवार को 13वें दिन भी निरन्तर जारी रहा। सभासदों ने पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाए है। बुधवार को किसान यूनियन आजाद के पश्चिमी उत्तर-प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी व उपाध्यक्ष शाहरुख चौधरी अपने कार्यकर्ताओं के साथ में धरनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने धरने में शामिल होकर सभासदों की मांगों का समर्थन किया। इस दौरान तौसीफ चौधरी, हारुण कुरैशी, शाहिद हसन, फुरकान चौधरी, उम्मेद राणा, चौधरी आजम, चौधरी बाबर, चौधरी अब्बास, चौधरी हारूण आदि मौजूद रहे।



# मुख्य विकास अधिकारी ने कांवड़ मार्ग पर परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** मुख्य विकास अधिकारी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करके शिवभक्तों के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ मेले में तैनात मातहतों को मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए है। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सीडीओ शामली विनय कुमार तिवारी कांवड़ मार्ग के निरीक्षण पर निकले। वह कांवड़ यात्रा के लिए निर्धारित शामली-पानीपत मार्ग पर की गई साफ-सफाई, प्रकाश व चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने कांवड़ियों के सुरक्षित स्नान हेतु की गई बैरिकेडिंग व चिकित्सा व्यवस्था को बारीकी से परखा। सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए चिकित्सा शिविर में उपलब्ध दवाईयों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से रुट डायवर्जन हेतु कांवड़ पथ पर की गई बैरिकेडिंग के बाबत भी जानकारी जुटाई। इस दौरान बीडीओ रोहताश कुमार, कार्यवाहक एडीओ पंचायत राहुल पंवार आदि मौजूद रहे।

# धर्मपाल सिंह की माता की तेरहवीं की व्यापक तैयारियां

## राज्यपालों और केंद्रीय मंत्रियों के आगमन की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा के वरिष्ठ संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन के बाद 17 जुलाई को आयोजित तेरहवीं सभा अब एक राजनीतिक और प्रशासनिक समागम का रूप लेती जा रही है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, कई केंद्रीय मंत्रियों, डिप्टी सीएम एवं अन्य वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के पहुंचने की संभावना है।



इस संभावित वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ चुका है। जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां स्वयं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर रहे हैं। सुरक्षा, यातायात, आगंतुकों के प्रवेश व प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम से एक दिन पूर्व ही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, एमएलसी सतपाल सैनी, विधायक अशोक राणा, पूर्व सांसद यशवंत सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मौसम चौधरी, दिनेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, अनूप वाल्मीकि, नागेश्वर दयाल गहलौत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, जितेंद्र गोयल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, खान-पान, सुरक्षा एवं शिष्टाचार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मिलकर दिनभर जुटे रहे।

### कार्यक्रम स्थल पर भारी सुरक्षा व्यवस्था

संभावित वीआईपी आगंतुकों की उपस्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग एवं ट्रैफिक रूट डायवर्जन जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन से लेकर पार्टी संगठन तक सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से कार्यक्रम की सफलता हेतु काम कर रहे हैं।

### राजनीतिक दृष्टि से भी अहम

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह आयोजन भाजपा के कई राज्य स्तरीय नेताओं के एक मंच पर आने का अवसर भी होगा। इस सभा में शोक संवेदना के साथ-साथ राजनीतिक रणनीतियों और संवाद की भी संभावनाएं जताई जा रही हैं।

# जान पर जो खेल गए राम के लिए तालियां बजाओ हनुमान के लिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। शुभम मंडप पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

भजन जान पर जो खेल गए राम के लिए तालियां बजाओ हनुमान के लिए, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उसका उत्सवर्धन किया। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल हर शनिवार को सनातन परिवार में हनुमान चालीसा का पाठ करता है। नमन जैन, मीना जैन, शीतल जैन, दर्शनी जैन आदि शामिल रहे।

अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे।

# श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने परीक्षा में परचम लहराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, पीपलसाना के छात्र-छात्राओं ने डी. फार्मा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है।

प्रथम वर्ष में मयूर सिसोदिया ने 81% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ईशा राजपूत ने 75% के साथ द्वितीय और अक्षत मित्तल ने 74% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं द्वितीय वर्ष में नितिन कुमार ने 77% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निकेत धीमान ने समान 77% अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवम कुमार ने 74% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. एन. पी. सिंह ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

संस्थान की प्राचार्या ने भी इस सफलता को विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि श्री राम इंस्टिट्यूट का लक्ष्य है कि फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता को बनाए रखा जाए और छात्रों को एक उज्ज्वल करियर की ओर अग्रसर किया जाए।

शिक्षकगण चंचल सैनी, हिमांशु कुमार, सुरभि रानी और शैली चौहान ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि के साथ श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि गुणवत्ता और समर्पण के साथ किसी भी शिखर को छूना संभव है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अर्जुन मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसकी सोसायटी खराब है और वह अपनी पत्नी के कहने सुनने में है। उसकी गलत संगत है तथा मेरी कोई बात नहीं मानता और न ही मेरा सम्मान करता है। मैं अपना सम्मान बचाने के लिए अर्जुन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद वह कोई अपराधिक घटना करता है या उसके विरूद्ध कोई किसी प्रकार का मुकदमा दर्ज करा दे तो उसकी पूर्णत: जिम्मेदारी अर्जुन की होगी। मैने अर्जुन को बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है।

**जयभगवान पुत्र टीकाराम**
**निवासी-ग्राम लक्ष्मणपुरा**
**थाना झिंझाना, जिला शामली**

# लापता युवक सकुशल घर लौटा

## उत्तराखंड कैसे पहुंचा युवक, पुलिस करेगी पूछताछ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फेरी कर सामान बैचने वाला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के 24 घंटे बाद उत्तराखंड के लक्सर से सकुशल मिल गया है। युवक की स्कूटी और एक जूता देव. बंद बरला मार्ग पर राजबहे के निकट पड़ा मिलने से परिजनो ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कोतवाली में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राज्जुपूर निवासी 18 वर्षीय असद गांव-गांव में फेरी कर सामान बेचने का काम करता है। मंगलवार को वह रोजाना की भांति अपनी मोपेड पर मिर्चे रखकर बेचने के लिए निकला थ। लेकिन देर शाम तक भी वह घर वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने जब असद की तलाश शुरू की तो देवबंद-बरला मार्ग स्थित राजबहे के



पास उसकी मोपेड खड़ी मिली, पास ही युवक का एक जूता भी पड़ा था। किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को देते हुए युवक को ढूंढने की गुहार लगाई। पुलिस ने भाई शोएब ने तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए जांच जांच शुरू कर दी है। बुधवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ युवक उत्तराखंड के लक्सर से बरामद हो गया। सूचना मिलने पर परिजन उसे स्वयं वहां से ले आए। कोतवाल प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि युवक सकुशल बरामद हो गया है। वह उत्तराखंड कैसे पहुंचा इसके बारे में युवक से पूछताछ की जाएगी।

**देवबन्द।** मोहल्ला बड़जियाउलहक निवासी सिकंदर अली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्यूबवैल चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सिकंदर ने बताया कि चोरों ने सांपला गांव स्थित खेत में रखी ट्यूबवैल की मोटर चोरी कर ली। इतना ही नहीं चोर अन्य किसानों के विद्युत केबिल भी काटकर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# विवाहिता को जहरीला पदार्थ पिलाने के आरोप में मामला दर्ज

**देवबन्द।** अदालत के आदेश पर पुलिस ने विवाहिता को जहरीला पदार्थ पिलाने के आरोप में पति सहित ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीजेएम के यहां नगर निवासी शिवांगी ने वाद दायर कर अदालत को बताया था कि 12 नवंबर 2024 को उसकी शादी पानीपत निवासी गौरव के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति समेत ससुरालिए उसे परेशान करने लगे। क्रेटा कार की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। इंकार करने पर गत 4 अप्रैल को उसे जहरीला पदार्थ पिलाया गया। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने उसे बचाया। शिवांगी ने अदालत को यह भी बताया कि पति गौरव पहले से शादीशुदा था और उसका एक बच्चा भी है। झूठ बोल. कर उससे शादी की गई।

# ज्योतिर्लिंगों के दर्शन व पूजन से पाप होते हैं नष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर मानकी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में सातवें दिन भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन किया गया।

कथाव्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने कहा कि ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन से भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। बताया कि प्रत्येक ज्योतिर्लिंग का अपना विशेष महत्व है। गुजरात के काठियावाड़ में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग चंद्रमा द्वारा स्थापित किया गया था। वहीं आंध्र प्रदेश में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल पर्वत पर स्थित है। महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मध्य प्रदेश में, बैधनाथ झारखंड के देवघर में, नागेश्वर गुजरात के द्वारका में और भीमाशंकर महाराष्ट्र में भगवान शिव का प्रति. निधित्व कर रहे हैं। विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग मोक्ष प्रदान करने वाला



माना जाता है, जो काशी में स्थित है। इसी प्रकार 卐यंबकेश्वर, केदारनाथ, रामेश्वरम व घुमेश्वर ज्योतिर्लिंग भी विशेष महत्व रखते हैं। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौ. प्रविंद्र कुमार, शिवकुमार, महक सिंह, ओमकार राणा, नरेश कुमार, मनोज राठौर, मुनीष जैन, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# विद्युत कर्मचारियों में मीटर लगाये जाने से रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पॉवर कारपोरेशन द्वारा अपने ही विभाग के कर्मचारियों के आवास पर बिजली के मीटर लगाए जाने के विरोध में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन कर रोष जताया।

विद्युत कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने अपने ही विभाग के प्रबंधतंत्र के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि प्रबंधतंत्र उन्हें मिल रही रियायती बिजली की व्यवस्था को समाप्त करने का षड्यंत्र रच निजीकरण के रास्तें पर चल रहा है। जिसे वह किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि उनके वेतन से रियायती बिजली का फिक्स बिजली चार्ज कटता है तो मिटर क्यों लगाए जा रहे हैं। कहा कि हम अपना हक किसी भी सूरत में छीनने नहीं देंगे। इस दौरान जेई विजय कुमार शर्मा, गुलशन झा, गोविंद कुमार, पिंकू कुमार, संदीप कुमार, मो. जिशान, राजकुमार और आशीष सहित अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे। एक्सईएन मृत्यूजंय शाही ने बताया मीटर लगाए जाने से पॉवर कारेपोरेशन कर्मियों को मिलने वाली रियाती बिजली को निजीकरण के चलते समाप्त करने का षड्यंत्र है। कहा कि नियमावली में बिजली कर्मियों को रियाती बिजली का प्रावधान है। हालांकि एक अधिकारी ने बताया कि पॉवर कारपा. रेशन की मंशा है कि बिजली मीटर लगा बिजली के लॉस का अंदाजा लगाना चाहता है।

# विद्यार्थियों को मानव कल्याण मंच ने वितरित की कापियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आसाहय व जरूरतमंद छात्र-छात्राओ को मानव कल्याण द्वारा कापियां वितरित करने के साथ ही कुछ छात्रो की फीस भी जमा कराई गई।

सामाजिक संस्था मानव कल्याण मंच द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के तहत आर्य समाज स्कूल के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को कॉपियां वितरित करने के उपरांत मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का अधिकार है। सभी लोगों को इस पुनीत कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। ताकि आसाहय परिवार के बच्चो की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आये। पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा ओर मास्टर मुमताज ने कहा कि



समाज का हर बच्चा शिक्षा का हकदार है। उन्होने कहा कि अभिभावको को अपने बच्चो की शिक्षा पर विषेश ध्यान देना चाहिए। अध्यक्ष सुशील कर्णवाल ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना संगठन का उद्देश्य है। इस मौके पर शिव शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अजय वर्मा, महासचिव राजू सैनी, राजीव शर्मा व सुनील बंसल आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।

# अधिकारी विपक्ष के नेताओं को दबाने का कर रहें हैं कामः माविया



**देवबन्द।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की करीबी कैराना लोकसभा सीट से सांसद इकरा हसन के साथ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहारनपुर द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। पूर्व विधायक माविया अली ने रोष जताते हुए कहा कि अधिकारी सरकार का नुमाइंदा बनकर विपक्ष के नेताओं को दबाने का काम कर रहे हैं। सरकार बदलने पर ऐसे अधिकारियों को जवाब देना होगा।

वरिष्ठ सपा नेता पूर्व विधायक माविया अली ने जारी ब्यान में सांसद इकरा हसन एवं छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन के साथ हुए अभद्र व्यवहार की घटना पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए नियुक्त अधिकारी शोषण करने में लगे हुए हैं। जनप्रतिनिधियों को डराने धमकाने का काम किया जा रहा है। माविया अली ने कहा कि सपा के सिपाहियों को न डराया जा सकता है और न दबाया। सांसद इकरा हसन के साथ अभद्र व्यवहार राजनीति से प्रेरित घटना है जिसे सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंडलायुक्त अटल कुमार रॉय व जिलाधिकारी मनीष बंसल से निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी एडीएम प्रशासन संतोष बहादुर सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किए जाने और ऐसा न होने पर सपाइयों द्वारा सहारनपुर से लेकर लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है। बता दें कि बीती एक जुलाई को कैराना सांसद इकरा हसन छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्षा शमा परवीन के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम प्रशासन के कार्यालय गई थीं। आरोप है कि मुलाकात के दौरान अपमानजनक व्यवहार करते हुए एडीएम ने दोनों महिला नेत्रियों को कार्यालय से बाहर निकलने के लिए कह दिया था। सांसद इकरा हसन ने इस मामले की शिकायत प्रमुख सचिव नियुक्ति उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मंडलायुक्त सहारनपुर से की थी। शिकायत के बाद मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए थे।

# किसानों ने एक्शन को दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** किसानो की समस्याओं सहित आघोषित विद्युत कटौती स्मार्ट मिटर लगाये जाने के विरोध में आयोजित बैठक के उपरांत अधिशासी अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान युनियन की सांपला रोड़ स्थित बिजली घर पर आयोजित मासिक बैठक में किसानो की समस्याओं सहित आघोषित विद्युत कटौती एवं स्मार्ट मिटर लगाये जाने के खिलाफ चेतावनी दी हैं कि किसानो की समस्याओं का समाधान कराये जाने में लापर्वाही किसी दशा में सहन नहीं की जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर किसानो की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया तो किसान धर्ना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगे। बैठक के



उपरांत अधिशासी अभियंता विद्युत को 5 सुत्री ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में किसानो की समस्याओं का समाधान प्राथमिक्ता के आधार पर किया जाने के साथ ही स्मार्ट मिटर न लगाये जाने सहित 18 से 20 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाये। ज्ञापन देने वालो में तहसील अध्यक्ष, चौ. पहल सिंह, श्यामवीर सैनी, चौ. रंजीत, चौ. इशवर पाल, मूसा प्रधान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष उस्मान मलिक, योगेंद्र पप्पू, चौ. अमित, भूरा त्यागी, तसव्वुर अली, संजय सिंह पंवार, कहर सिंह, मुंतजिर त्यागी आदि किसान शामिल रहे।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अस्थाई पुलिस पिकेंट व एम्बुलैंस का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए देव. बंद-मंगलौर मार्ग पर गांव चंदपुर के निकट बुधवार को अस्थाई पुलिस पिकेंट और एंबुलेंस का उद्घाटन



किया गया। इस दौरान एसपी देहात ने उत्तराखंड बार्डर से बड़गांव तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया।

गंगा जल लेकर लौट रहे कांवडियों एवं शीघ्र ही बडी संख्या में हरिद्वार स्थित जल लेने जाने वाले डाक कांवडियों की सुरक्षा और किसी दुर्घटना के चलते होने वाली कठिनाईयों से बचने के लिए गांव चंदपुर कायस्थ के निकट अस्थाई पुलिस पिकेंट बना एंबुलेंस का प्रबंध किया है। जिसका उद्घाटन क्षेत्र के गणमान्यों के बीच एसपी देहात सागर जैन द्वारा किया गया। इस दौरान सीओ रविकांत पराशर और कोतवाली प्रभारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधि विधान से की श्रीजी की शांतिधरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री दिगंबर जैन मंदिर सरागवाड़ा में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान के छठें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और भक्तामर स्तोत्र के छठे श्लोक की स्तुति की।

भक्तांमर महामंडल विधान में छठे दिन अजय कुमार व डा. पारस जैन की ओर से श्रीजी की शांतिधारा विधि विधान से की गई। कार्यक्रम में आचार्य अरुण सागर महाराज ने बताया कि छठे श्लोक का जाप करने से बुद्धि, स्मरण, शक्ति, एकाग्रता और सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। यह श्लोक भक्त की भगवान के प्रति अगाध भक्ति और विनम्रता को दर्शाता है। भगवान ऋषभनाथ की स्तुति अज्ञान के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर करने वाली है। इस



श्लोक को आचार्य मानतुंग ने भगवान आदिनाथ की स्तुति में रचा था। इसका नियमित पाठ करने से विघ्न और बाधाएं दूर होती हैं। इस दौरान अर्चना जैन, चंदन जैन, आस्था जैन, नीतू जैन, अनुज जैन, सुदेश जैन, शिल्पी जैन, सविता जैन, अभिषेक जैन, मोना जैन आदि मौजूद रहे।

# खुफिया टीम ने मंदिरों में की जांच

## फिरोजपुर महादेव मंदिर में बुधवार को पहुंची था बम निरोधक दस्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कांवड़ को शांतिपूर्ण कराये जाने तथा उनकी सुरक्षा के मध्यनजर रखते हुए बम स्क्वायड एवं एलआईयू की टीम ने बुधवार को नगर के श्रीशिव दुर्गा मंदिर एवं फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर बारीकी से जांच की। बम स्क्वॉड की टीम ने नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर की जगह जैसे अकबरपुर सादात एवं बटालवी, झुनझुनी, कोहला, करीमपुर में जाकर मशीनों से झाड़ियों में बारिकी से जांच की।

बम स्क्वायड के प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान एवं एलआईयू के बहसूमा, फलावदा प्रभारी मुशीर खान ने बताया कि आगामी 23 जुलाई को महा. शिवरात्रि का पर्व आ रहा है। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश पर बहसूमा थाना क्षेत्र के सड़कों पर पड़ने वाले मंदिरों पर जाकर बारिकी



से जांच की। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित श्रीशिव दुर्गा मंदिर, मौडखुर्द में स्थित शिव मंदिर प्राचीन काल फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि उसके बाद नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर वाली जगह पर मशीनों द्वारा झाड़ियो में जांच की। उन्होंने बताया कि कांवड़ को शांतिपूर्ण कराया जाएगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार, कांस्टेबल अमन यादव आदि लोग शामिल रहे।

# सरधना में लगेगा विद्युत समाधान मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में आगामी 17 जुलाई से 19 जुलाई तक बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली समाधान मेगा कैंप का आयोजन किया जायेगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **शिबली इकबाल आबिद (SHIBLI IQBAL ABID)** है, जिसे अब मैंने बदलकर **शिबली इकबाल (SHIBLI IQBAL)** रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**शिबली इकबाल (SHIBLI IQBAL)**, निवासी- 56/2 सफेद मस्जिद मोहल्ला अबुल बरकात देवबन्द (सहारनपुर) 247554.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **अतिया खातून (ATIA KHATOON)** है, जिसे मैंने अब बदलकर **अतिया खातून (ATIA KHATUN)** रख लिया है भविष्य में मुझे **अतिया खातून (ATIA KHATUN)** के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**अतिया खातून (ATIA KHATUN)** निवासी- 56/2 सफेद मस्जिद मोहल्ला अबुल बरकात देवबन्द (सहारनपुर) 247554.

# शिवभक्तों के आगमन से शिवमय हुआ कांवड़ मार्ग, सेवा में जुटे क्षेत्र के लोग

**सरधना।** शिवरात्रि के लिए जल लेकर लौट रहें शिवभक्तों के आगमन से इन दिनों गंग नहर कांवड़ मार्ग व रजवाहे की पटरी पर शिवमय माहौल में रंगी हुई। क्षेत्रीय लोग भी शिवभक्तों की सेवा में दिन रात लगे हुए है। पुलिस प्रशासन भी शिवभक्तों के लिए दिन रात डटे हुए है।

गंगनहर पटरी पर कांवड़ मार्ग से होकर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली व अन्य राज्यों के लोग जलाभिषेक के लिए जल लेकर लाखों शिवभक्तों का करीब दस दिन तक आगमन लगा रहता है। जिसमें जगह जगह पर ग्रमीणों द्वारा शिविर लगााकर शिवभक्तों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की जाती है। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण इन दिनों अपने काम को छोड़कर भक्तों की सेवा में लीन रहतें है। गंगनहर दौराला पुल पर शिविर लगाने वाले ललित गुर्जर व राजीव ने बताया कि करीब दस दिनों तक कावंड़ मार्ग से कई राज्यों के लाखों शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अपनों गंणत्वय के लिए चलते है।

जिनकी सेवा करने से उनके मन को शांति मिलती है, और भक्तों की सेवा करने से शिव जी के नजदीक जाने का अहसास होता है। जलाभिषेक के दो दिन पूर्व पुरा महादेव की तरफ जाने वाले शिवभक्तों कें लिए भी ग्रामीण रजवाहे की पटरी पर शि. विरों को संचालन करते है। पुलिस प्रशासन भी कांवड़ यात्रा के लिए दिन रात मुस्तैदी के साथ लगा हुआ।

# पार्टी का नेतृत्व करने में नाकाम हो रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस पार्टी खुद को स्थापित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। राहुल गांधी गांव-गांव शहर-शहर घूम कर लोगों के दिलों में कांग्रेस के लिए जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भी पूरी ताकत के साथ पार्टी का जनाधार बढ़ाने में लगे हैं। इसी को लेकर बीते दिनों कांग्रेस ने मेरठ की कमान जिला अध्यक्ष के रूप में गौरव भाटी को सौंप दीं लेकिन गौरव भाटी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपकर शायद कांग्रेस ने मेरठ के अंदर अपना बचा कुचा जनाधार भी खो दिया है। गौरव भाटी ना तो पार्टी का नेतृत्व कर पा रहे हैं और ना ही जनता तक पार्टी की नीति और पार्टी को पहुंचा पा रहे हैं। जो कुछ भी पहचान पार्टी के पास है वह सिर्फ राहुल गांधी की देन है। साथ ही साथ रंजन शर्मा जो कि गौरव भाटी के साथ ही महानगर अध्यक्ष बनाए गए थे कुछ हद तक उनका गुट काम करता हुआ दिखाई दे रहा है और महानगर अध्यक्ष के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजल भी लगे हुए हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी भी रंजन शर्मा गुट के साथ नजर आ रहे हैं। गौरव भाटी जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी पूरे जिले में अलग थलग दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि वह जनता से दूरी बनाकर रखते हैं, लोगों में घुल मिल नहीं पाते इसीलिए वह सबसे अलग दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने जिले का चुनाव करते वक्त गौरव भाटी की सदस्यता तो देख ली कि वह कितने पुराने हैं लेकिन शायद उनकी काबिलियत देखना भूल गए। उत्तर प्रदेश में 2027 का सियासी मैदान तैयार होने लगा है। मेरठ एक क्रांतिधरा है जो अलख मेरठ से जगती है वह पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर फैलती है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बीती तीन योजनाओं से मेरठ की धरती से ही अपना सियासी शंखनाद बजाते रहे हैं। ऐसे में मेरठ को इग्नोर करना कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है। अगर जल्द ही कांग्रेस ने अपने नेतृत्व पर ध्यान नहीं दिया तो शायद उत्तर प्रदेश में उसका सियासी सूखा एक बार फिर पांच साल के लिए बंजर जमीन की तरह ही दिखाई देगा। मेरठ के अंदर कांग्रेस के बीच कितनी बड़ी गुटबाजी हो रही है यह बात भी किसी से छुपी नहीं है जिसे देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि शायद कांग्रेस का नेतृत्व करने में गौरव भाटी नाकाम साबित हो रहे हैं।

# सरधना के पूर्व चेयरमैन ने टीकाकरण के लिए लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को गावी जीरो डोज इम्पलीमेन्टशन प्रोग्राम के तहत सरधना के पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी व चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी से 0-5 साल तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण व जीरो डोज चिल्ड्रन, वेब परिवारों विरोधी परिवार को लेकर चर्चा की गयी तथा नगर पालिका परिषद में वार्ड मेंबरों की मीटिंग के जरिए एवं कोटेदार मीटिंग के जरिए ओर अर्बन लोकल बॉडी के जरिए लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाए।

चेयरमैन ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ऑडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में सरधना नगर मै कूड़े की गाड़ियों द्वारा ऑडियो के माध्यम से चलवाने का आश्वासन दिया। जिसमें शाहवेज अंसारी ने कहा की टीकाकरण लगवाने से व्यक्ति, परिवार और



समुदाय को बीमारियों से बचाता है। यह न केवल बीमारियों को रोकने में मदद करता है, बल्कि उनके प्रसार को भी कम करता है, जिससे एक स्वस्थ समाज बनता है। हमे बच्चों मैं जरूर टीकाकरण कराना चाहिये। टीकाकरण एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है जो व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक महत्वपूर्ण निवेश है जो एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज बनाने में मदद करता है। जिसमें गावी पीसीआई इण्डिया के सीएसओ कोर्डिनेटर प्रवीण कौशिक, गावी पीसीआई इण्डिया के क्लस्टर कोर्डिनेटर मोहित खटीक एवं आबिद सलमानी, शाहिद मलिक सभासद, सईद कुरैशी, कदिर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

खेल विशेष

## आरसीबी भगदड़ रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए: कर्नाटक हाईकोर्ट

**लॉड्र्स, वार्ता।** बेंगलुरु, वार्ता। कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह चार जून को हुई भगदड़ की घटना पर अपनी स्थिति रिपोर्ट सार्वजनिक करे, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई आईपीएल जीत के जश्न को गहरा धक्का पहुंचाया था। इस त्रासदी में 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट से इस रिपोर्ट को गोप. नीय रखने का अनुरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने सोमवार, 14 जुलाई को स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है, और ये केवल 'सरकार की दृष्टि में तथ्यों की प्रस्तुति' है। कोर्ट ने सरकार को यह रिपोर्ट मामले के अन्य पक्षों - आरस. बी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, जो फ्रेंच. इजी के इवेंट पार्टनर हैं - को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## जितेश शर्मा घरेलू सत्र से पहले विदर्भ से बड़ौदा चले गए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया।

# सीरीज फतह करने की तैयारी में हरमनप्रीत बिग्रेड



● **इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास शीर्ष पर**

**साउथम्प्टन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में अपनी ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत के बाद, अब एक नई चुनौती के लिए तैयार है। इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज (3-2 से) जीतने का कारनामा करने के बाद, भारतीय टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा, और अब उनकी निगाहें वनडे प्रारूप में भी अपनीधाक जमाने पर टिकी हैं। साउथम्प्टन के रोज बाउल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें एक मजबूत शुरुआत करना चाहेंगी। साउथम्प्टन का रोज बाउल मैदान आमतौर पर एक संतुलित पिच प्रदान करता है। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है और उछाल भी समान रहता है। हालांकि, शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और कुछ मूवमेंट मिल सकती है, खासकर यदि मौसम में नमी हो। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर बीच के ओवरों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कुल मिलाकर, यहां एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। भारत हाल ही में शानदार फॉर्म में है। टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसने टीम की गहराई और जुझारूपन को दिखाया। इसके ठीक पहले, भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय वनडे सीरीज में भी विजेता का खिताब अपने नाम किया था, जहां फाइनल में स्मृति मंधाना के शानदार शतक (116 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाया था। सितंबर में होने वाले घरेलू वनडे वर्ल्ड कप से पहले, भारत के पास अपनी टीम संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। इंग्लैंड में शुरू हो रही यह सीरीज टीम की योजनाओं की एक अहम झलक दिखा सकती है। कप्तान हरमनप्रीत कौर इसे एक 'सकारात्मक चुनौती' मानती हैं, जिसका श्रेय वे टीम में बढ़ती गहराई और संतुलन को देती हैं। वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे भारत के पास हर विभाग में कुछ अहम चयन दुविधाएं हैं। प्रतिका रावल बनाम हरलीन और शेफाली की ओप. निंग जोड़ी के चयन से जुड़े कुछ अहम सवालों का जवाब देना होगा। साथ तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में भी उन्हें सही विकल्पों का चुनाव करना होगा। वहीं इंग्लैंड की टीम टी-20 में मिली हार के बाद वनडे में वापसी करने का भरपूर प्रयास करेगी।


शेफाली वर्मा

## लॉड्र्स में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर जुर्माना

● **इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए है और अंक प्रतिशत 61.11 हो गया**

**दुबई, वार्ता।** लॉड्र्स टेस्ट मेंधीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी में दो अंक काटे गए हैं, साथ ही उन पर जुर्माना भी लगा है।

इसकी वजह से इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए हैं और उनका अंक प्रतिशत भी 66-67 प्रतिशत से 61.11प्रतिशत हो गया है। इस कारण से अब वे ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बाद दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। डब्ल्यूटीसी खेल शर्तों के अनुच्छेद 16-11-2 के अनुसार, समय को ध्यान में रखने के बाद प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी गलती मानी है, जिसके बाद कोई आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। तीसरे टेस्ट को जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। यह एक उच्च दबाव और रोमांच वाला मैच रहा, जिसमें खिलाड़ियों के बीच गर्मागर्मी भी देखी गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में जोफ्रा आर्चर का सबसे तेज स्पैल, जो रूट और केएल राहुल का शतक और जसप्रीत बुमराह का पांच विकेट शामिल रहा। मैच की तीव्रता जल्द ही बढ़ गई जब दोनों टीमें पहली पारी में 387 के समान स्कोर पर रह गई, जिससे टेस्ट दूसरी पारी में भी बराबरी पर आ गया। जब भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला, तो उन्होंने निचले क्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ खेल को आखिरी सत्र तक पहुंचाया।

## टॉप-10 बल्लेबाजों में लौटी शेफाली

● **इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 176 रन बनाकर शेफाली वर्मा दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में वापस आ गई हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 158-56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर, शेफाली साथी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। 21 वर्षीय शेफाली ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें मैच में भारत की आखिरी गेंद पर हार में 41 गेंदों पर 75 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं और 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गईं। भारत की 3-2 से श्रृंखला जीत में एक और अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने श्रृंखला के दौरान छह विकेट लिए, ने भी बढ़त हासिल की। अंतिम टी-20 मैच में दो विकेट लेने वाली रेड्डी गें. दबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें और ऑलराउंडरों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के कई सितारों ने भी सकारात्मक प्रगति की है। स्पिनर चार्ली डीन ने पिछले मैच में 23 रन देकर 3 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीतकर गेंदबा. जी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई। वह आठ स्थान की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गईं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज इस्सी वोंग सात स्थान की छलांग लगाकर 50वें स्थान पर पहुंच गईं। एमिली अर्लट, जिन्होंने इसी साल गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था, 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गईं। सोफिया डंकले, जो 151 रनों के साथ इंग्लैंड की शीर्ष स्कोरर रहीं, पिछले दो मैचों में 22 और 46 रनों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सात अंक की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गईं।



जो रूट

## टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 जो रूट

● **कुमार संगकारा के बाद नंबर-1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बने रूट**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉड्र्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया।




## लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग शेट्टी जापान ओपन के राउंड ऑफ-16 में


**टोक्यो, वार्ता।** लक्ष्य सेन और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है। सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग लजग को 21-11, 21-18 से हराया। सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा। वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

## शास्त्री ने बताए हार के दो अहम पल

● **भारतीय उप-कप्तान ऋषभ पंत का रन आउट और करुण नायर का आउट होना**

**लंदन, वार्ता।** लॉड्र्स में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच इंग्लैंड और भारत के बीच एक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें ज्यादातर समय दोनों टीमों के बीच कोई घस फर्क नहीं पड़ा। लेकिन आखिरकार मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गें. दबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय रूप से भारतीय टीम कोधराशायी कर दिया और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारत की टीम को 170 रनों पर समेट दिया।

हालांकि आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जबरदस्त वापसी की। एक रोमांचक टेस्ट मैच में, जो लगातार आगे-पीछे होता रहा, शास्त्री ने उन अहम पलों की ओर इशारा किया जिन्होंने पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया, ठीक उस समय जब भारत का पलड़ा भारी लग रहा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में कहा कि इस टेस्ट मैच में मेरे लिए टर्निंग पॉइंट, सबसे पहले, पहली पारी में ऋषभ पंत का आउट होना था। बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे सफलतापूर्वक आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं। क्योंकि भारत बढ़त बना सकता था और वे ड्राइवर सीट पर थे। भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन स्टोक्स की शानदार फीलल्डग ने उन्हें तीसरे दिन लंच के समय ड्रेसिंग रूम वापस भेज दिया। शास्त्री ने कहा कि यह कहने के बाद, दूसरी पारी में एक बार फिर 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी, एक सीधी गेंद, एक न चलने वाली गेंद, को छोड़ देना और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल देना। मुझे लगता है कि उस आउट होने के समय ने स्थिति बदल दी। उन्होंने कहा कि क्योंकि आपने देखा होगा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने मुश्किल से कोई गलती की। शास्त्री ने कहा कि 'उनका डिफेंस मज़बूत था और लंच के समय 82 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए, आपको लगता था कि अगले 10 मिनट में यह काम पूरा हो जाएगा। लेकिन उस 82 या 83 रनों को 22 रनों पर लाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि 'इससे पता चलता है कि अगर चौथे दिन, अंत में, शीर्ष क्रम थोड़ा और मजबूत और मानसिक रूप से मजबूत होता, तो यह मैच भारत का होता। शास्त्री का मानना है कि मैच के कुछ चरणों में भारत शीर्ष पर था, लेकिन इंग्लैंड को जरूरी मौकों का फायदा उठाने के लिए पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।



## फौजा सिंह को कार से टक्कर मारने के आरोप में प्रवासी गिरफ्तार

**जालंधर, वार्ता।** मैराथन धावक फौजा सिंह (114) को कार से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने प्रवासी (एनआरआई) अमृतपाल सिंह ढिल्लों (26) को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरविंदर सिंह विर्क ने बुधवार को यहां एक प्रेस सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने घटना के तीस घंटों के भीतर मामले को सुलझाते हुए आरोपी ढिल्लों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। ढिल्लों करतारपुर के दसूपुर गाँव का निवासी है और कनाडा में रहता है। वह आठ दिन पहले ही भारत आया था।

उन्होने कहा कि पूछताछ में ढिल्लों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और बताया है कि घटना के समय वह अकेला था और भोगपुर से किशनगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह ब्यास लपड के पास पहुंचा तो एक बुजुर्ग उनकी गाड़ी की चपेट में आ गया। उन्हें ये नहीं पता था कि बुजुर्ग फौजा सिंह हैं। जब देर रात खबरें आनी शुरू हुई तो फौजा सिंह की मौत के बारे में पता चला। पुलिस ने उसकी फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया है। ढिल्लों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरोपी ढिल्लो ने 14 जुलाई को सड़क पार करते समय अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी कार से फौजा सिंह को टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बाद में श्री फौजा सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम ने कुछ गाड़ियां लिस्ट आउट की थीं। उन्होंने बताया कि उनमें से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की पहचान मंगलवार देर शाम की गई। नंबर से पता चला कि गाड़ी कपूरथला के अठौली गांव के रहने वाले वरिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसके बाद जालंधर पुलिस की टीमें कपूरथला रवाना हुई और वरिंदर तक पहुंचीं।

## भारत के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं: आर्चर



**लंदन, वार्ता।** जोफ्रा आर्चर ने कहा कि लॉड्र्स में जीत के साथ शानदार वापसी करने के बाद, वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं। चोटों के कारण यह तेज गेंदबाज चार साल से ज्यादा समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहा, लेकिन 22 रनों की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई जिससे इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-1 की बढ़त मिली। 30 वर्षीय आर्चर ने अपनी वापसी की तीसरी गेंद पर एक विकेट लिया, फिर भारत की दूसरी पारी में तीन विकेट लिए, जब इंग्लैंड ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव किया।

उन्होंने 39-2 ओवर पूरे किए और पूरी पारी में तेज गति से गेंदबाज़ी की - उनकी औसत गति कभी भी 87 मील प्रति घंटे से कम नहीं रही और ससेक्स के इस खिलाड़ी ने 41 गेंदें 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से फेंकी। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के दौरान आर्चर का बहुत ध्यान रखा गया था और उन्होंने लगभग सिर्फ सफ़ेद गेंद वाले मैच ही खेले थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट और ओवल में पांचवां टेस्ट एक के बाद एक हैं, इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इंग्लैंड को उनके कार्यभार को नियंत्रित करना होगा। लेकिन आर्चर ने कहा कि 'अगर वे मुझे अनुमति दें तो मैं बाकी दो मैच भी खेल सकता हूँ। मैं यह सीरीज नहीं हारना चाहता। मैंने कहा था कि मैं गर्मियों में टेस्ट मैच खेलना चाहता हूँ और एशेज भी खेलना चाहता हूँ।

आर्चर ने कहा कि एक टेस्ट मैच पहले ही हो चुका है और मैं नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट में बैठने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। आर्चर ने लॉड्र्स में अपना 14वां टेस्ट कैप जीता। उनका 13वां टेस्ट मैच 2021 की शुरुआत में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ आया था। इस बीच, पीठ और कोहनी की गंभीर चोटों के कारण उनका करियर खतरे में पड़ गया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर संदेह हुआ, तो उन्होंने जवाब दिया: "नहीं।

## दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

**स्विट्ज़रलैंड, वार्ता।** एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) व विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवाड्र्स का विजेता चुना है। एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे -3 महिला और 3 पुरुष- जिन्होंने 'लीग ऑफ द बेस्ट' सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई। आखिरकार, पो. लिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया।

## जडेजा इंग्लैंड में1000 रन पूरे करने के करीब



**लंदन, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉड्र्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुक. ाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्द्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉड्र्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाई।

उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं - सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025)। लॉड्र्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था (नोट: गेंदों का डेटा 1998 से उपलब्ध है)। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई। यह पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लॉड्र्स में टेस्ट में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। यह इस मैदान पर किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। उन्होंने इससे पहले 2015 (न्यूजीलैंड), 2017 (विंडीज) और 2019 (ऑस्ट्रेलिया) में यह अवॉर्ड जीता था। कुल मिलाकर उनके नाम टेस्ट में 11 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड हैं, जो इंग्लैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा हैं। उनके आगे जो रूट (13) और इयान बॉथम (12) का नाम आता है। इस लॉड्र्स टेस्ट में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों में 15 बल्लेबाज बोल्ड हुए, यह 1965 से खेले गए 2000 से अधिक मैचों में सबसे अधिक है। पिछली बार टेस्ट में 1965 में जॉर्जटाउन में विंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट में 15 या उससे अधिक खिलाड़ी बोल्ड हुए थे।

# पयर्टन की संभावना देखने बेहट आएगा अफसरों का दल

## बेहट विधायक उमर अली खान ने पयर्टन विभाग की बैठक में उठाए अहम मुद्दे, मंत्री से मिला आश्वासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने पर्यटन विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में बेहट विधानसभा के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया।

बैठक में विधायक उमर अली खान ने कहा कि बेहट विधानसभा चारों तरफ से घिरा पहाड़ी क्षेत्र है जिसमें उत्तराखंड की तर्ज पर जंगल सफारी स्थापित की जाये।पर्यटन के उद्देश्य से बेहट विधानसभा में जिम नेशनल कार्बेट की तरह ही हर प्रकार के जानवर है। साथ साथ शिवालिक, मोहण्ड जैसी पहाड़िया है जिसमें पर्यटन के हिसाब से लोगों का आवागमन बढ़ेगा। बेहट विधानसभा को पर्यटन विभाग से मंजूरी मिलने से रेस्टोरेंट, वाटर पार्क बनेंगे जिससे यहां की जनता को रोजगार के अवसर मिलेगे।



विधायक ने कहा कि बेहट विधानसभा के जनता को रोजगार के लिए देहरादून, हिमाचल, हरियाणा जाना पड़ता है। पर्यटन विभाग की मंजूरी से लोगों को रोजगार के साधन मिलेगे। सबसे अहम बेहट विधानसभा क्षेत्र में मां शकुम्मभरी देवी पीठ है यहां श्रद्धालु दूर दराज से आते है। होटल रेस्टोरेंट, पिकनिक स्पॉट होने से श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ साथ उनकी यात्रा सुगम व सहज हो जाएगी।

**पर्यटन को बढावा देने व जंगल सफारी बनाये जाने की मांग**

मंत्री ने आश्वाशन दिया है कि बहुत जल्द ही एक अधिकारियों का दल बेहट विधानसभा क्षेत्र का जायजा करने सहारनपुर आयेगा जो सहारनपुर आकर औपचारिकताएं पूरी करेगा।

बैठक के बाद विधायक उमर अली खान ने कहा कि मंत्री के आश्वासन के बाद से साफ है कि अब बेहट विधानसभा में पर्यटन को बढावा मिलेगा और क्षेत्र का भरपूर विकास होगा।

# नहीं सहा जाएगा सांसद इकरा हसन का अपमानः टिंकू अरोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सपा महानगर प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सांसद इकरा हसन और छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा अभद्रता पूर्ण व्यवहार कड़े शब्दों में निंदा करते इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया और कहा कि इस अपमान को किसी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि जनता द्वारा निर्वाचित सांसद इकरा हसन और छुटमलपुर अध्यक्ष शमा परवीन जन समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मिलने पहुंची थी लेकिन उन्होंने उनके साथ जो है है अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया है यह शर्मनाक घटना है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सोच को दर्शाता है कि अधिकारी पूरी तरह बे लगाम हो चुके हैं जिन्हें प्रशासनिक व्यवस्था या जन भावनाओं का कोई ख्याल नहीं है।

कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि यह पूरी घटना विपक्ष की राजनीति के लिए अत्यधिक गंभीर है क्योंकि जिस प्रकार से विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार किया गया है यह अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच और नकारात्मक राजनीति का परिचायक है जिसका विपक्ष कोई जुट होकर विरोध करना चाहिए तभी विपक्ष को शासन प्रशासन के लोग सम्मान देने का काम करेंगे। अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपर जिलाधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए और ऐसे अधिकारी को पद मुक्त किये जाने की मांग की।

## एडीएम की अभद्रता पर हो कार्रवाईः वाहिद

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकार समाजवादी पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन, चेयरमैन शमा प्रवीन के साथ एडीएम द्वारा अभद्रता करने पर उचित जांच कर कार्यवाही करने की माँग है।

# संसद में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दें सांसदः मुजफ्फर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. मुजफ्फर अली ने कहा कि एक सांसद का प्रोटोकॉल केंद्र सरकार के सचिव के बराबर होता है। यहां तक की विधायक का प्रोटोकॉल भी राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के बराबर होता है। सांसद संसद में इस अधिकारी को विशेषाधिकार का नोटिस दे।



चौ.मुजफ्फर अली ने कहा कि यह घटना अधिकारियों के राजनी. तिकरण हो जाने का दुष्परिणाम है। मेरी जानकारी के अनुसार हालांकि घटना कुछ दिन पुरानी है और जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद उच्च अधिकारियों ने इस विषय में सांसद से खेद भी प्रकट किया था तथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध ऊपरी स्तर पर कार्यवाही के लिए भी कहा था। स्वभाव से बेहद सौम्य, पढ़ी-लिखी महिला संसद के साथ किसी अधिकारी द्वारा ऐसा व्यवहार कतई भी उचित नहीं है। सांसद को संसद के मानसून सत्र में इस अधिकारी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का नोटिस देना चाहिए।

# कांवड़ शिविरों में पहुंची सांसद इकरा

## शिवभक्तों को अपने हाथों से भोजन परोसा, कहा- मैंने यहां धर्म नहीं, मानवता देखी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। कैराना सांसद इकरा हसन ने शिव सेवा कांवड़ शिविर श्री कैलाश धाम शिव कावड़ सेवा शि. विर और श्री शिव सेवा समिति कांवड़ सेवा शिविर में पहुंचकर भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को जीवंत कर दिया, जिसमें धर्म, सेवा और इंसानियत एक साथ चलते हैं।

शिविरों में सांसद इकरा हसन ने श्रद्धालु कांवड़ियों को अपने हाथों से भोजन परोसा और शिवभक्तों के बीच बैठकर उन्हें प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। सांसद के इस भावुक व सेवाभावी कदम ने पूरे शिविरो में भावनात्मक माहौल पैदा कर दिया। इस दौरान शिविरो के संयोजक संजय कर्णवाल, समाजसेवी रमी धवन,



ललित पोपली और दीपा जुनेजा ने सांसद का पारंपरिक स्वागत करते हुए उन्हें शॉल व माता की चुन्नी भेंटकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सांसद इकरा हसन ने कहा मैंने यहां धर्म नहीं, मानवता देखी है। यही भारत की असली ताकत है शिविर प्रमुख संजय कर्णवाल ने कहा हमारा प्रयास हर वर्ष यही होता है कि श्रद्धालुओं को सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिले। ललित पोपली ने कहा जब किसी जनप्रतिनिधि का ऐसा सेवा भाव सामने आता है, तो यह समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण बनता है।

इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता साजिद चौधरी, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, विधानसभा प्रभारी नगर और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के पुत्र संजू अरोड़ा और पुत्री सिमरन अरोड़ा सांसद के साथ मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधि से बदसलूकी प्रोटोकॉल का उलंघनः शकील

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेता/पूर्व राज्यमंत्री सैयद शकील अहमद ने एक वक्तव्य में कहा कि सांसद इकरा हसन व चेयरपर्सन शमा परवीन ने अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) पर जो आरोप लगाया है, अत्यंत गंभीर है क्योंकि इसमें खुले तौर पर प्रोटोकॉल उल्लंघन व महिला उत्पीड़न नजर आता है।



उन्होंने कहा कि सांसद इकरा हसन बेहद शालीन व्यवहार रखती हैं, जिसकी प्रशंसा सभी राजनीतिक दलों में होती है, यदि कोई उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, चाहे कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों ना हो, प्रदेश सरकार की मर्यादा को धूमिल कर रहा है, उसके खिलाफ सखघ्त कार्रवाई होनी चाहिए। देश व प्रदेश की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए वचनबद्ध है, श्री सैयद शकील ने बताया कि उक्त सम्बन्ध में उन्होंने पार्टी अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से भी वार्ता कर उचित कदम उठाने की बात की।

## एक नजर

### इस लड़ाई में बेटी इकरा के साथः हाजी फजलुर्रहमान



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। कैराना सांसद इकरा हसन के साथ एडीएमई द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने की घटना की निंदा करते हुए पूर्व सांसद व सपा वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि वह इस लडाई में बेटी इकरा हसन के साथ खडे है। उन्होने कहा कि कैराना सांसद इकरा हसन के साथ घटना बेहद निंदनीय है क्योंकि सांसद का अपना प्रोटाकॉल होता है और इस पूरी लडाई में वह इकरा हसन के साथ खडे है।

### सांसद के आरोप निराधारः एडीएमई



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने कहा कि सांसद इकरा हसन द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है। यह मामला एक जुलाई का था और शिकायत अब हुई है। सांसद द्वारा लगाये गये सभी आरोप निराधार है। उन्होने कहा कि जब सांसद द्वारा फोन किया गया तो मैं किसी कारणवश नही उठा पाया, लेकिन जैसे ही एडीएमएफ ने मुझे इसकी जानकारी दी तो मैं पांच मिनट के अन्दर ऑफिस आ गया। आते ही सांसद द्वारा अपनी बात की नाराजगी जताई गयी जिस पर बता दिया गया कि फोन वाइब्रेशन पर था जिसे वह सुन नही पाये, लेकिन जैसे ही पता लगा मैं आ गया। छुटमलपुर नगर पंचायत का मामला था जिसमें उन्हे बता दिया गया था कि ईओ को बुलाया गया था और अगर कोई दिक्कत है तो पत्राचार से अपनी बात रख दे, क्योंकि बिना शिकायत के आरोपों का कोई अर्थ नही है।

# बस अड्डे पर अव्यवस्था देख भड़के विधायक गुम्बर



सहारनपुर। शहर विधायक राजीव गुम्बर ने कांशीराम कालोनी स्थित रोडवेज बस अड्डे का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां अधिकारियों की लापरवाही पर शहर विधायक भडक गये और जमकर लताड लगाई।

शहर विधायक राजीव गुम्बर आज महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई के साथ कांशीराम कॉलोनी स्थित अस्थायी रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे जहां उन्होने जनता की मूलभूत आवश्यकताओं का निरीक्षण किया। वहां पर शौचालय, यूरिनल की व्यवस्था नहीं पाई गई एवं पेयजल की भी सुचारू व्यवस्था न पाए जाने तथा गंदगी पर अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई एवं दो दिन के अंदर मूलभूत सुविधाएं स्थापित करने को निर्देश दिए। इस दौरान अजय खटाना, अरुण चौधरी, राजीव शर्मा शामिल रहे।

# प्राइमरी स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। बहुजन अधिकार संघ संवैधानिक क्रांति सामाजिक संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश में 27000 प्राइमरी स्कूलों को सरकार द्वारा मर्ज किये जाने का विरोध जताते हुए कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह भारतीय ने कहा कि प्राइमरी स्कूलों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला समस्त गरीब परिवार दलित विरोधी है। उत्तर प्रदेश सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए नही तो सर्व गरीब समाज जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। वरिष्ठ समाजसेवी सुशील बौद्ध ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा



लिया गया फैसला गरीब बच्चों के परिवारों के लिए बहुत ही कष्टदायक सिद्ध हो सकता है क्योंकि संख्या छात्रों की किस कारण से कम हो रही है इस पर विचार नहीं किया जा रहा है और नहीं इस कारण को एक समस्या समझकर इसका समाधान करने का सरकार द्वारा प्रयास नहीं किया जा रहा है। श्री गुरु रविदास सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम ने बताया कि शिक्षा के हो रहे बाजारीकरण पर प्रतिबंध लगना चाहिए और सरकार को अच्छे विद्यालय एवं प्राइमरी विद्यालय को पुन स्थापित करना चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन अधिकार संघ सोनिया खोसला डॉ विशाल कुमार महासचिव राजेश कुमार कुमारी आंचल मनोज कुमार अरविंद कुमार सुदेश डा.अजय कुमार कुमार भंते करुणा सागर आदि लोग उपस्थित रहे।

# आज से लगेगा तीन दिवसीय मेगा कैंप

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आज से तीन दिवसीय विद्युत बिल सुधार व अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए मैगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विजय कुमार ने बताया कि आर्ज गुरुवार से 19 जुलाई तक विद्युत वितरण खंड रामपुर मनिहारान में तीन दिवसीय मैगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें खंड के अंतर्गत समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत सम्बन्धित समस्याओं जैसे बिलों में संशोधन, खराब मीटरों को बदलना, सम्भावित खराब मीटरों पर चौक मीटर लगाना, नए संयोजनों का निर्गमन, भार वृद्धि एवं अन्य विद्युत समस्याओं का कैम्प में ही निराकरण किया जायेगा।

# शिवभक्तों की सेवा तीर्थ जैसीः चौ.किरत



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। श्री नीलकंठ महाद. ेव कांवड सेवा शिविर का मेयर डा. अजय, विधायक चौ.किरत सिंह व राजीव गुंबर ने विधिवत उदघाटन किया।

आज देहरादून रोड पर जेल चुंगी के निकट आयोजित शिविर के उदघाटन मौके पर गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना और कांवड़ यात्रा का यह पवित्र अवसर, आस्था, भक्ति और सेवा का संगम होता है। शिवभक्तों की सेवा करना किसी तीर्थ से कम नहीं। इसी भाव के साथ हम सभी संकल्पबद्ध हैं कि हर कांवड़िया सुखपूर्वक गंतव्य तक पहुंचे।इस दौरान कांवड़ सेवा शि. विर के मुख्य संरक्षक शीशपाल सिंह चेयरमैन, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, आशु पंडित, मोनू पंडित, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र चौधरी, अजब सिंह, नवीन चेयरमैन, विजय नरिया, सचिन खेड़ा, राज. कुमार खेड़ी, नितेश सैनी, धर्मेश पवार, राजीव नरूला, शिवम् नरूला, अमित सेठी, बबू कालिया आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अभियान में विद्युत विभाग ने काटे 76 कनेक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

तल्हेडी बुजुर्ग। विद्युत बिल बकायदारो के विरुद्ध विधुत विभाग द्वारा कडी कार्यवाही करते हुए करीब 76 कनेक्शनों पर चाबुक चलाया गया,इस दौरान विद्युत विभाग की संयुक्त कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को तल्हेडी विधुत उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार व जेई बबलू कुमार ने विधुत बकायदारों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए क्षेत्र के गांव घ्याना व चन्देना कोली मे कड़ी कार्रवाई की।इस दौरान विधुत विभाग ने गांव घ्याना में करीब 46 कनेक्शन व चन्देना कोली में 30 कनेक्शन काटकर उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा दिया। तल्हेडी उपखण्ड अधिकारी सन्तोष कुमार ने बताया कि एक लाख से ऊपर



बकाया भुगतान ना करने वाले करीब 8 विधुत उपभोक्ताओं व पचास हजार व दस हजार से अधिक तकरीबन 68 विधुत कनेक्शन धारकों के कनेक्शन काटे गए है।उन्होंने बकायदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शन काटे गए हैं वह बिल जमा कराए तभी विधुत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।उधर जेई बबलू कुमार का कहना है कि कई बार ग्रामीणों को बकाया बिल जमा कराने के लिए निर्देश दिए गए थे,उसके बावजूद भी उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा नहीं कराया गया है। उन्होंने विधुत उपभोक्ताओं को सख्त हिदायत दी है कि जिन धारकों पर बिल बकाया है वह जल्द से जल्द बकाया बिल जमा कराए अन्यथा उनके विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विधुत विभाग की संयुक्त कार्यवाही में बाबू रामआशीष ,रोहित व मोहिद खान के साथ लाइनमैन विजय और बंटी सम्मिलित रहे।

# कमिश्नर ने किया एनआईसी का उदघाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीनीकृत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह के उपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आगामी समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर पहली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) आयोजित की गई। मंडलायुक्त श्री राय ने बताया कि क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत एनआईसी में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वीसी रूम और 07 नए कक्षों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि वीसी कक्ष में 40 लोगों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे अब समीक्षा बैठकों और प्रशासनिक



समन्वय में अधिक अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी अंकुर वर्मा एवं श्री विकास पांडे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अमित कुमार तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मो. हत त्यागी उपस्थित रहे।

# नगरायुक्त ने स्वयं शिकायत कर परखा कंट्रोल रूम का कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम के कंट्रोल रुम पहुंचकर शिकायतों के आने, कम्पयूटर पर उनके दर्ज होने, उनके निस्तारण तथा शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने तक की सारी प्रक्रिया को गहनता से समझा और स्वयं अपनी एक शिकायत दर्ज कराकर उसके निस्तारण के जरिये कंट्रोल रुम के कामकाज को परखा और पड़ताल की। उन्होंने कंट्रोलरुम के लिए निगम द्वारा विकसित कराये गए सॉफ्टवेयर की प्रशंसा करते हुए उसमें कुछ और फीचर्स जोड़ने का सुझाव दिया ताकि शिकायर्ता के मोबाइल पर उसकी शिकायत के निस्तारण की जानकारी और लिंक भी भेजा जा सके।

नगरायुक्त आज दोपहर निगम परिसर स्थित सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे थे। नगरायुक्त ने



सभी विभागाध्यक्षों से अपने-अपने कार्यालयों का रखरखाव ठीक रखने तथा स्थान-स्थान पर लटके तारों की क्लीपिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की सुविधा के लिए निगम के गुरुद्वारा रोड स्थित मुख्य द्वार के पास निगम कार्यालयों का नक्शा और सभी कार्यालयों तथा पेयजल व शौचालयों की सुविधाओं के लिए संकेतक बोर्ड लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने परिसर में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पडेघ पुराने सामान व उपकरण का नियमानुसार निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने निगम के सभी विभागों के अधिकारियों को सभी फाइलिंग कार्य ई-ऑफिस पर करने के आदेश देते हुए कहा कि इसमें कोई हीलाहवाली नहीं चलेगी। उन्होंने टैक्स विभाग पहुंचकर कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह सहित टैक्स विभाग के अधिकारियों से पूछा कि जीआईएस सर्वे नोटिसों की कितनी शिकायत उनके पास आयी है और उनमें से कितनी शिकायतों का निस्तारण किया है। टैक्स विभाग में अपनी आपत्तियां लेकर आये एक व्यक्ति से भी उन्होंने विस्तार से बात की और उनकी आपत्तियां कल तक निस्तारित करने के आदेश अधिकारियों को दिए। जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का निस्तारण ई-फाइलिंग से करने के लिए टैक्स विभाग के वरिष्ठ लिपिक रामकुमार व लिपिक लोकेश को प्रशंसा पत्र तथा इसमें हीलाहवाली कर रहे लिपिकों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जलकल विभाग का निरीक्षण करते हुए आने वाली शिकायतों के निस्तारण और शिकायतकर्ता से उसके फीडबैक लेने की जानकारी ली।

बिजली विभाग में भी उन्होंने पूछा कि बिजली खराब होने की शिकायत का कितने समय में और कैसे निस्तारण किया जाता है। नगरायुक्त ने बिजली विभाग के स्टोर का भी निरीक्षण किया और स्टोर में आने-जाने वाले सामान के एंट्री रजिस्टर की भी पड़ताल की। उन्होंने सामान रखने के लिए कुछ और नये रैक खरीदने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने बिजली स्टोर के बराबर में स्थित पुराने निर्माण तथा निर्माण विभाग के स्टोर को ध्वस्त व उसकी साफ सफाई कराने के निर्देश देते हुए उस स्थान पर एक आधुनिक रिकॉर्ड रुम बनाने का सुझाव दिया

## सम्पादकीय

गुरुवार, 17 जुलाई 2025

# नाटो का टैरिफ राग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापार करने की जो नई राह दिखाई, उस पर अब नाटो भी चलता दिखाई दे रहा है। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को बेहद बेबाक तरीके से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री हों या ब्राजील के राष्ट्रपति हों या चीन के राष्ट्रपति हों, इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई भी देश रूस के साथ व्यापार करता है, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वह यह सलाह भी देते दिखाई दिए कि चीन, भारत और ब्राजील को रूस पर दबाव डालना चाहिए। जिससे वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें और अगर यह ऐसा नहीं करते और रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर सौ प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाया जाएगा। रूस ने नाटो महासचिव की इस धमकी को पूरी तरह खारिज किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने हालांकि कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं और अगर नाटो व अमेरिका व्यापार को लेकर ऐसा ही रवैया अपनाएंगे, तो रूस भी ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा यानि नए साथी बनाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प पहले ही व्यापार को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। वह व्यापार को लेकर किस तरह का नजरिया रखते हैं, इसका पता उनके यह कहने से चल जाता है कि वह ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। वह अपने इस अल्टीमेटम का बचाव कर रहे थे जो उन्होंने रूस को कहकर दिया कि अगर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करते, तो उस पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। भारत-पाक के बीच जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय भी ट्रम्प ने यह कहकर कई बार लेने की कोशिश की कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार की धमकी देकर युद्ध को रुकवाया था। यह बात अलग है कि भारत ने कभी भी यह स्वीकार नहीं किया और ट्रम्प के दावे को खारिज किया, लेकिन ट्रम्प के व्यवहार में कोई कमी आती दिखाई नहीं दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर देश को यह हक है कि वह अपने हितों को देखकर व्यापार करे। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। बुराई तब पैदा होती है जब कोई देश दूसरे के हित की अन्देखी करता है और अपने ही हितों को साधने की कोशिश करता है, जैसाकि अमेरिका इस समय करता दिखाई दे रहा है और अब तो उसके साथ नाटो भी लग गया है। अमेरिका चाहता है कि उसके लिए दुनियाभर के बाजार खुलें। वह भी बिना कुछ दिए, यानि उसके सामानों पर किसी तरह का कोई टैक्स न लगे, लेकिन जो सामान अमेरिका आए उस पर भारी टैक्स लगाया जाए। इसे कहीं से भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता और यूं भी अमेरिका अभी भी विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। इस नाते तो उसका और भी कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह छोटे व विकासशील देशों का ध्यान रखे। भारत के साथ अभी तक यूं तो उसकी कोई ट्रेड डील सामने नहीं आई, लेकिन ट्रम्प खुद ही उम्मीद जताते दिखाई दे रहे हैं कह रहें कि हमें इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है।

## इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे



मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया, हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा, हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो, संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए, जितनी जल्दी हो सके वाले वाक्य का अब औचित्य नहीं रहा और समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# ‘एक्सोलोटल’ की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर



एम. इमरान

जैव-विज्ञान के इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं की सीमा से बाहर निकलकर मानव भविष्य को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाता है। जून 2025 का महीना भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक समय बन गया, जब वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक जीवों में से एक एक्सोलोटल की अंग-पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर कर दिया। यह खोज न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान उपलब्धि है, बल्कि यह भविष्य में मानव शरीर के अंगों की मरम्मत, अंग पुन: उत्पत्ति और चोटों के बाद अंगों की पुनर्रचना के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

एक्सोलोटल, जिसे मेक्सिकन वॉकिंग फिश भी कहा जाता है, वास्तव में एक उभयचर (Amphibian) है और यह विशेष रूप से अपनी असाधारण क्षमता के लिए जाना जाता है। यह अपने शरीर के कटे हुए अंगों को पुन: विकसित कर सकता है, चाहे वह हाथ-पैर हो, रीढ़ की हड्डी हो, मस्तिष्क का भाग हो या यहां तक कि दिल का कुछ हिस्सा भी। वैज्ञानिकों ने दशकों से इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की थी कि आखिर कैसे एक्सोलोटल बिना किसी जख्म या निशान के पूरे अंग को फिर से उगा लेता है, लेकिन जून 2025 में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस गूढ़ रहस्य की जड़ तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

इस अनुसंधान की मुख्य खोज रही CYP26B1 एंजाइम की भूमिका। इस एंजाइम का कार्य शरीर के एक विशेष अणु, रेटिनोइक एसिड (Retinoic Acid) को तोड़ना है। यह अणु शरीर के विभिन्न हिस्सों को यह स्थिति संकेत देता है कि वे शरीर के किस भाग में स्थित हैं जैसे कि कंधे, कोहनी या अंगुलियां। जब एक्सोलोटल का कोई अंग कटता है, तो पुनर्जनन प्रक्रिया शुरू होती है। इस प्रक्रिया में कोशिकाएं एक ब्लास्टेमा नामक संरचना बनाती हैं, जो मूल रूप से स्टेम सेल्स से भरी एक निर्माण इकाई होती है। अब प्रश्न यह था कि ए स्टेम सेल्स कैसे जानती हैं कि उन्हें क्या बनाना है? कोहनी? अंगुली? या पूरा हाथ?

CYP26B1 एंजाइम इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाता है। यह एंजाइम रेटिनोइक एसिड को कंधे की ओर अधिक मात्रा में रहने देता है और हाथ की ओर इसे तोड़ता है। इस कारण एक प्रकार का जैविक केमिकल मैप बनता है जो कोशिकाओं को यह दिशा देता है कि वे कहां हैं और उन्हें कौन सा अंग बनाना है। इस खोज ने पहली बार यह वैज्ञानिक प्रमाण दिया कि अंग-पुनर्जनन में रासायनिक संकेतों की दिशा और तीव्रता किस प्रकार निर्णायक होती है।



इस शोध में एक और दिलचस्प प्रयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने एक दवा टालारोजोल (Talarozole) का उपयोग किया, जो CYP26B1 एंजाइम को अवरुद्ध कर देती है। जब इस दवा का उपयोग कर एक्सोलोटल की कोहनी की कोशिकाओं में रेटिनोइक एसिड का स्तर बढ़ा दिया गया, तो वे कोशिकाएं यह समझने लगीं कि वे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे कंधे में हैं। परिणामस्वरूप उन्होंने एक नया पूरा हाथ विकसित कर लिया यानी एक अंग से दो अंग निकल आए। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत चौंकाने वाली थी, क्योंकि यह पहली बार हुआ कि कोशिकाओं की स्थिति की समझ को कृत्रिम रूप से बदला गया और उससे पूर्ण अंग का निर्माण हुआ।

इस खोज में एक अन्य महत्वपूर्ण जीन Shox की भूमिका भी स्पष्ट हुई। यह जीन मानवों और अन्य प्राणियों में हाथ-पैर की लंबाई और हड्डियों के विकास में भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने जब इस जीन को निष्क्रिय किया, तो एक्सोलोटल के पुनर्जीवित अंगों में विकृति देखी गई। विशेष रूप से ऊपरी हड्डियां अधूरी और असामान्य थीं। इसका तात्पर्य यह है कि Shox जीन अंग की संरचना और विस्तार को निर्देशित करता है। यदि यह जीन निष्क्रिय हो जाए, तो कोशिकाएं जानती तो हैं कि वे कौन सा अंग बना रही हैं, लेकिन वे उसे सही रूप में नहीं बना पातीं। यह शोध इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि यह मानवों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक नई दिशा दिखाता है। मनुष्य का शरीर भी रेटिनोइक एसिड, CYP26B1 और Shox जैसे जीन और एंजाइम से युक्त होता है, लेकिन हमारे शरीर की चोटों पर प्रतिक्रिया जख्म और दाग-धब्बों के रूप में होती है न कि अंग के पुन: निर्माण के रूप में।

इस शोध से यह संभावना बनती है कि यदि हम इन जैविक सिग्नलों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित कर सकें, तो हम भी भविष्य में स्कारलेस वाउंड हीलिंग, अंग पुनर्रचना और स्टेम सेल आधारित उपचार विकसित कर सकते हैं। यह खोज केवल जैविक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और चिकित्सा दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहन है। मान लीजिए भविष्य में मानव हाथ या पैर कट जाने पर पुन: उगाए जा सकें, तो इसकी चिकित्सा, बीमा, पुनर्वास और कानून से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न होंगी, लेकिन साथ ही यह उन लोगों के लिए आशा की किरण होगी जो दुर्घटनाओं, जन्मजात विकारों या युद्धों में अपने अंगों को खो चुके हैं।

इस शोध का तकनीकी पक्ष भी उतना ही प्रभावशाली है। वैज्ञानिकों ने RNA अनुक्रमण, CRISPR तकनीक, इन-विवो इमेजिंग और जनरल स्टेम सेल विश्लेषण का प्रयोग करके पूरे पुनर्जनन प्रक्रिया को सूक्ष्मतम स्तर पर समझा। उन्होंने एक्सोलोटल के शरीर में रासायनिक संकेतों की दिशा, समय और घनत्व का सटीक मानचित्र तैयार किया, जो किसी भी पुनर्जीवन चिकित्सा के लिए आधारभूत उपकरण बन सकता है। वर्तमान में वैज्ञानिक मानव त्वचा की मरम्मत, यकृत ऊतकों के पुनर्निर्माण और रीढ़ की हड्डी की मरम्मत जैसे प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन अंग-पुनर्जनन एक अलग ही स्तर की चिकित्सा क्रांति होगी। एक्सोलोटल की यह खोज इसमें नींव का पत्थर सिद्ध हो सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस खोज के प्रभाव केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं हैं। सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल जगत, औद्योगिक दुर्घटनाओं से पीड़ित व्यक्तियों, और यहां तक कि कृत्रिम अंग उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जब मनुष्य स्वयं अंग पुन: उत्पन्न करने में सक्षम हो जाएगा, तो कृत्रिम अंगों की आवश्यकता में कमी आ सकती है। साथ ही इस दिशा में अनैतिक प्रयोगों की आशंका भी बढ़ेगी, जिसके लिए नीति-निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय को पहले से ही तैयारी करनी होगी। जून 2025 की यह खोज केवल एक अंग पुनर्जनन का रहस्य उजागर नहीं करती, बल्कि यह एक व्यापक क्रांति की शुरुआत है एक ऐसा समय, जब विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत समन्वय से हम अपने शरीर की मरम्मत स्वयं कर सकने में सक्षम होंगे। यह उस विज्ञान की जीत है जो प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

विज्ञान में यह खोज एक नए अध्याय की शुरुआत है मॉलिक्यूलर पॉजिशनल आइडेंटिटी का युग। जहां यह समझना संभव होगा कि कोशिकाएं कैसे अपने स्थान को जानती हैं, कैसे अंग की दिशा और रूपरेखा तय होती है और कैसे हम इन संकेतों को नियंत्रित करके शरीर में किसी भी प्रकार की जैविक मरम्मत कर सकते हैं।

यदि हम इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाते हैं, तो संभवत: एक दिन हम न केवल अंग, बल्कि आंख, लीवर या यहां तक कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को भी पुन: उत्पन्न करने में सफल होंगे। यह विज्ञान और चिकित्सा की सबसे बड़ी जीत होगी जब शरीर स्वयं को स्वयं ठीक कर सकेगा। एक्सोलोटल ने हमें वह झरोखा दिया है जिससे झांककर हम पुनर्योजन की दुनिया को देख सकते हैं। अब यह मनुष्य पर है कि वह उस झरोखे को दरवाजे में बदलता है या केवल प्रशंसा करके वहीं रुक जाता है।

# मानसून में भारत की इन जगहों पर घूमने न जाएं

**मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए, क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।**

एक ओर जहां शहरों में लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों पर बारिश और बादल फटने आदि की घटनाएं परेशानी का कारण बन गई हैं। मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**इन जगहों पर जाना सेफ नहीं**

इन दिनों कुल्लू घूमने जाना खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि कुल्लू में बादल फटने के कारण पानी का रौद्र रूप देखने को मिला है। कुल्लू में बादल फटने के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, जिसकी वजह से जान-माल को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में मानसून में कुल्लू घूमने जाना सेफ नहीं है।

**कांगड़ा**

कांगड़ा में भी बादल फटने की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला है। पानी के तेज बहाव में कई गाड़ियां भी बह गईं। ऐसे में अगर आप भी कांगड़ा घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सेफ्टी के लिहाज से आपको लो. केशन बदल लेनी चाहिए। आप मानसून में पहाड़ी इलाकों से दूर अन्य हिल स्टेशन पर घूमने के लिए जा सकते हैं। क्योंकि मानसून में किसी भी पहाड़ी इलाके में यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।



**मंडी**

कुल्ली में बादल फटने की खबर के बाद मंडी जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि ब्यास नदी के किनारे से दूर रहें। क्योंकि पानी के बहाव और बारिश के कारण हादसा हो सकता है। ऐसे में यात्रियों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**मणिकर्ण**

मानसून में मणिकर्ण साहिब दर्शन का प्लान बनाना भी काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बीते दिनों ब्रह्मगंगा और गड़सा के गोमती नदी में बादल के फटने से पानी का स्तर अचानक से तेज हो गया। ऐसे में अगर आप मणिकर्ण जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इस समय यहां जाना सुरक्षित नहीं है। वहीं अगर आप मणिकर्ण में हैं और ज्यादा बारिश हो रही है, तो प्रयास करें कि होटल में रहे।

# इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिए जनाब





निर्मल रानी

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गए थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुए तरह-तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए, लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी (ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है।

खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िए केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था, जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गए थे।

यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवम्बर 2024 को हुए इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसम्बर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएं संरचनात्मक सुरक्षा और रख-रखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशाई हुआ जा रहा है। याद कीजिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था। उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुए बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिए कभी मुआफी मांगी गई न ही खेद जताया गया। सवाल यह है कि जब कोलकाता का एक फ्लाई ओवर ढहना प्रधानमंत्री की नजरों में एक्ट ऑफ फ्रॉड था तो गुजरात व अन्य भाजपा शासित राज्यों में हो रहे रहे इस तरह के श्एक्टश को भी तो कोई नाम दीजिए जनाब?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहाः इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और आप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।




- तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें: रूट
- रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी
- रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया

## अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है। बयान में कहा कि संघीय सुरक्षा मिशन ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिकारियों ने कहा कि इकाइयां व्यवस्थित तरीके से फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



सीरिया। स्वेदा शहर से वापस आकर दक्षिणी सीरिया के दारा राजमार्ग से गुजर रहे सीरियाई सरकारी बलों के लिए एक टैंक को ट्रक पर ले जाते हुए।

## अफगानिस्तान के हजारों नागरिक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लीक होने पर हज़ारों नागरिक एक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन आ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ब्रिटेन जाने के लिए आवेदन करने वाले लगभग 19,000 लोगों की व्यक्तिगत जानकारी फरवरी 2022 में लीक हो गई थी। तत्कालीन कंज़र्वेटिव सरकार को इसकी सूचना अगस्त 2023 में सोशल मीडिया से मिली। रिपोर्ट के अनुसार लीक हुई सूची में शामिल लोगों के लिए नौ महीने बाद एक नई पुनर्वास योजना शुरू की गई जिससे लगभग 19000 आवेदकों में से अब तक 4500 अफगानी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ जांच की शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत व्यापार नीतियों की जाँच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशन में शुरू की गई यह जांच अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर ब्राज़ील के हमलों के साथ-साथ अन्य अनुचित व्यापारिक नीतियों की जांच करेगी जो अमेरिकी कंपनियों, श्रमिकों, किसानों और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को नुकसान पहुंचाती हैं। बयान में कहा गया है कि ग्रीर ने अन्य सरकारी एजेंसियों, स्वीकृत सलाहकारों और कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद यह तय किया कि ब्राज़ील के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों की गहन जांच और संभावित रूप से प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना एसओसी

- जयशंकर ने पहलगाम हमले की फिर निंदा की कहाः इसके दोषियों को सजा दी जानी चाहिए

**बीजिंग।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार, भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एसओसी) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले के निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एसओसी से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा-एसओसी तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। जयशंकर ने कहाः यह जरूरी है कि एसओसी आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एसओसी सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने कहा-भारत ने एसओसी में स्टार्टअप और नवाचार से लेकर पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक, कई क्षेत्रों में कई पहल की हैं। इससे पहले जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

## शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरीः भारत

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरुरी है। हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था।

# US को भारतीय मार्केट में मिलेगी पहुंचः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ट्रेड डील पर बातचीत जारी, इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा: हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी।

हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इम्पोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने यह बयान पेनसिल्वेनिया जाते वक्त दिया। इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट भी उनके साथ मौजूद थीं। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा: हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा: इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19 प्रतिशत टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को 'पक्का' बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कापर (तांबा) है, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि मंगलवार दोपहर तक इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था: मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।



- इसके अलावा ट्रम्प ने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में पाक में ईरानी राजदूत शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने मंगलवार को ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है।

मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरान के राजदूत हैं। मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने और उसे छिपाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्व एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन मार्च 2007 में ईरान के किश द्वीप के पास रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए थे। एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निंगरानी की थी जिसमें राबर्ट लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरीनिया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय (एमओआईएस) में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निंगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे। एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने मंगलवार को मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए।



- अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के रिटायर्ड अफसर के अपहरण का आरोप, 2007 से लापता

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

### खाना लेने के दौरान अब तक 870 फलस्तीनी मारे गए, इजरायली सेना पर नरसंहार का आरोप

**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

जीएचएफ का कहना है कि इन सेंटर्स पर हमास की वजह से भगदड़ मची थी, जिससे लोग मारे गए। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजरायली आर्मी पर फलस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फलस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें आक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजरायली सेना चलाती है और इसे अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजरायल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं।

पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7750 लोग मारे गए हैं और 27566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है।



# रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम खारिज किया

- उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है व बातचीत के लिए तैयारः सर्गेई

**मॉस्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं और उन्होंने यूक्रेन को केवल यह सलाह दी कि उसे लंबी दूरी के हथियारों से 'रूस को निशाना नहीं बनाना चाहिए'। गौरतलब है कि इस स्पष्टीकरण से ठीक एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका नाटो के ज़रिए यूक्रेन को हथियार भेजेगा और 50 दिनों में युद्धविराम समझौता न होने पर रूस पर 'कड़े टैरिफ' भी लगाएगा।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० फी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्डरी.
एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)